Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 316 | सोमवार, 17 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कई लोगों ने संघ की स्पर्धा में शाखाएं चलाने का उपक्रम किया

# पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे, अब समाज में स्वीकार्यता बढ़ी :मोहन भागवत



**जयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा, पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे। हेडगेवार पर भी हंसते थे कि ऐसे बच्चे को लेकर यह राष्ट्र निर्माण करने चले हैं। इस तरह का उपहास होता था। विचार भी अमान्य था। अब समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है। संघ का काम चर्चा और समाज के स्नेह का विषय बना हुआ है।

भागवत ने कहा, संघ ऐसे ही समझ में नहीं आता है। इसे समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभूति की आवश्यकता होती है, जो संघ के प्रत्यक्ष आने के बाद ही प्राप्त हो सकती है। भागवत रविवार को जयपुर में राजस्थान के दिवंगत प्रचारकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित ग्रंथ "और यह जीवन समर्पित "के विमोचन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने संघ की स्पर्धा में शाखाएं चलाने का उपक्रम किया। लेकिन, 15 दिन से ज्यादा किसी की शाखा नहीं चली। संघ की शाखा एक सौ साल से चल रही है और आगे बढ़ रही है, क्योंकि संघ स्वयंसेवकों के भाव-बल और जीवन बल पर चलता है। डॉ. भागवत बोले कि संघ स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से ही चलता है। मानसिकता से हर स्वयंसेवक प्रचारक हो जाता है। संघ अर्थात हम लोग स्वयंसेवक हैं। पहले यह कहा जाता था कि हिंदू संगठन मेंढ़क तोलने जैसी बात है, हो ही नहीं सकता। हिंदू को काहे जगा रहे हो, मृत जाति है। अब डंके बज रहे हैं कि संघ के स्वयंसेवकों एवं प्रचारकों ने क्या-क्या किया है। पहले प्रचारक बनना मतलब अंधेरे में कूदना था, लेकिन एक भाव था, मेरी भारत माता के लिए मैं न करूं तो कौन करेगा। उस समय प्रचारक निकले और देशभर में गए।

> भागवत ने कहा, संघ ऐसे ही समझ में नहीं आता है। इसे समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभूति की आवश्यकता होती है, जो संघ के प्रत्यक्ष आने के बाद ही प्राप्त हो सकती है। भागवत रविवार को जयपुर में राजस्थान के दिवंगत प्रचारकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित ग्रंथ "और यह जीवन समर्पित "के विमोचन समारोह में संबोधित कर रहे थे।

## कांगो की कोबाल्ट की खान में बड़ा हादसा, पुल टूटने से 40 की मौत



**नई दिल्ली।**

कांगो के लुआलाबा प्रांत की कालांडो खान में अवैध खनन के दौरान पुल गिरने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। सरकारी रिपोर्ट में पता चला कि सैनिकों की गोलीबारी से मची भगदड़ में बड़ी भीड़ पुल पर चढ़ गई, जिससे पुल टूट गया। कांगो के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक बड़ी खनन दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। मुलोंडो इलाके की कालांडो खान में बना पुल अचानक ध्वस्त हो गया, जिससे अफरा-तफरी के बीच बड़ी संख्या में लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में कम से कम 40 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

## फरीदाबाद में आज उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक



**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे अध्यक्षता**

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद (एनजेडसी) की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ शामिल हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपालों तथा चंडीगढ़ के प्रशासक के इस बैठक में शामिल होने की संभावना है। बयान में कहा गया कि क्षेत्रीय परिषद में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच और उनके शीघ्र निपटारे के लिए 'फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों' का कार्यान्वयन शामिल हैं। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारी प्रणाली को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा होगी। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद भारत के पांच क्षेत्रीय परिषदों में से एक है, जिसे राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष हैं।

## सार संक्षेप

### कड़ाके की ठंड के लिए रहें तैयार, पहाड़ से मैदान तक गिरेगा पारा





**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है। तापमान में प्रतिदिन कम आ रही है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। गत 24 घंटों में उत्तर भारत के कई शहरों में तापमान में कमी देखने को मिली। जहां एक ओर उत्तर भारत में सर्दी बढ़ रही है, तो दूसरी तरफ दक्षिण भारत के कई राज्यों में इस बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का यही स्वरूप देखने को मिल सकता है। आइए आपको बताते हैं आज आपके शहर का मौसम कैसा रहने की संभावना है? देश की राजधानी दिल्ली इस समय प्रदूषण की मार झेल रही है।

राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक श्रेणी में है। वहीं, दिल्ली एनसीआर में ठंड का सितम शुरू हो गया है। सुबह और शाम को लोगों को अच्छी ठंड महसूस हो रही है। दिन में खिली धूप से थोड़ी राहत मिल रही है। इस बीच आईएमडी ने बताया कि अभी कुछ दिनों तक तापमान में कमी दर्ज होगी। वहीं, दिल्ली में बारिश की कोई संभावना नहीं है।

#### यूपी में आज कैसा रहेगा मौसम?

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आज यानी सोमवार को यूपी के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, आसमान साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटों में तापमान में कमी दर्ज की जाएगी और कुछ जगहों पर शीतलहर का प्रकोप भी देखने को मिल सकता है।

### राजौरी में भाजपा को झटका, कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



**राजौरी।**

राजौरी जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई कार्यकताओं ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया है। यह समारोह राजौरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक इफ्तिखार अहमद और कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जहां नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में राजेंद्र शर्मा, सुधीर शर्मा, सुभाष चंद्र, रघुवीर शर्मा, वंश सूदन, लोविश शर्मा, विनोद कुमार और अंकुश शर्मा शामिल हैं। इन सभी ने पार्टी नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया। विधायक इफ्तिखार अहमद ने कहा कि कई लोगों ने विकास की उम्मीद में भाजपा को वोट दिया था, लेकिन पार्टी अपने वादों से भटक गई है। उन्होंने कांग्रेस की विकास, प्रगति और समावेशी शासन के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने नए सदस्यों को बधाई दी और उनके धर्मनिरपेक्षता और विकास के मूल्यों को अपनाने के निर्णय की सराहना की।

## दिल्ली धमाका

# पिछले साल से आत्मघाती हमलावर की तलाश में था उमर, दानिश के पीछे हटने से अप्रैल में विफल हुई साजिश



**दिल्ली/श्रीनगर।**


मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर नबी इस षडयंत्र को लगातार आगे बढ़ा रहा था। आतंकियों की साजिश अप्रैल में दानिश के इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए पीछे हटने से विफल हो गई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिस सफेदपोश डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, वह पिछले साल से ही आत्मघाती हमलावर की तलाश में था। मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर नबी इस षडयंत्र को लगातार आगे बढ़ा रहा था।

आतंकियों की साजिश अप्रैल में दानिश के इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए पीछे हटने से विफल हो गई थी। जांच अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। आरोपी ने स्वीकारा कि वह पिछले साल अक्तूबर में कुलगाम की एक मस्जिद में सफेदपोश डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल से मिला था, जहां से उसे फरीदाबाद के अल-फलाह विवि में किराये के कमरे में ले जाया गया। पूछताछ में दानिश ने बताया, सफेदपोश मॉड्यूल से जुड़े अन्य लोग उसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) यानी आतंकियों का मददगार बनाना चाहते थे, जबकि डॉ. उमर उसे आत्मघाती हमलावर बनाना चाहता था। इसके लिए वह दानिश को कई महीनों तक बरगलाता रहा। श्रीनगर पुलिस ने डॉ. अदील राथर और डॉ. मुजफ्फर गनई सहित अन्य आरोपियों से पूछताछ के आधार पर राजनीति विज्ञान में स्नातक दानिश को पकड़ा था। अधिकारियों ने सबूतों की कड़ियों को जोड़ते हुए बताया, डॉ. उमर ने दिल्ली या धार्मिक महत्व के किसी स्थान पर भीड़भाड़ वाली जगह पर विस्फोटकों से भरी गाड़ी छोड़कर गायब होने की साजिश रची थी।

## नेपाल में आम चुनाव का कार्यक्रम जारी, 20 जनवरी को नामांकन

**नई दिल्ली।**

नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले संसदीय चुनाव का कार्यक्रम रविवार को जारी कर दिया। उम्मीदवारों को प्रतिनिधि सभा के चुनाव के लिए 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक नामांकन दाखिल करना होगा। उम्मीदवारों की सूची उसी दिन शाम पांच बजे के बाद प्रकाशित की जाएगी। किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध



आपत्ति दर्ज कराने का समय 21 जनवरी को सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक निर्धारित है। अगले दिन उम्मीदवारों की सत्यापित सूची प्रकाशित की जाएगी। जो उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहते हैं, वे 23 जनवरी को दोपहर एक बजे तक ऐसा कर सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन दोपहर तीन बजे के भीतर प्रकाशित की जाएगी और उम्मीदवारों को आधिकारिक तौर पर चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा। चुनाव पांच मार्च को होंगे।

# धमाके, आगजनी और हिंसक झड़पें... शेख हसीना पर फैसले से पहले बांग्लादेश में भड़की हिंसा, बढ़ा तनाव

**नई दिल्ली।**

शेख हसीना के खिलाफ मानवता विरोधी अपराधों के मामले में आज आने वाले फैसले से पहले बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई। ढाका समेत कई शहरों में आगजनी, धमाके और सड़क जाम हुए। सेना और बीजीबी तैनात की गई। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता विरोधी अपराधों के मामले में आज आने वाले फैसले से पहले राजनीतिक उथल-पुथल तेज हो गई है। राजधानी ढाका से लेकर कई जिलों में हिंसक झड़पें, आगजनी, सड़क जाम और धमाके हुए हैं। फैसले को लेकर पैदा हुए तनाव ने पूरे देश में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। फैसले से एक दिन पहले ही बांग्लादेश के कई हिस्सों में उग्र प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने कारों में आग लगाई, जगह-जगह कॉकटेल बम फोड़े और हाईवे पर पत्थर फेंककर रास्ते बंद कर दिए।

### किस मामले आएगा फैसला?

यह मामला जुलाई–अगस्त 2024 के छात्र–नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित मानवता विरोधी अपराधों से जुड़ा है। शेख हसीना ने सभी आरोपों से इनकार किया है। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) आज फैसला सुनाने जा रहा है, जिसे लेकर पूरे देश में तनाव फैल गया है। हसीना की पार्टी अवामी लीग ने रविवार से दो दिन के देशव्यापी बंद का एलान किया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ।



## संपादक की कलम से

# ट्रंप ने फोड़ा परमाणु बम!

नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले और तमाम झूठ-प्रपंच का सहारा लेने वाले अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप क्या सार्वजनिक बयान देकर दुनिया को बताएंगे कि अमरीका ने एक और परमाणु बम परीक्षण किया है? परमाणु परीक्षण 19-21 अगस्त के बीच किया गया, जबकि अलास्का में 15 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई और लंबी बातचीत भी हुई, लेकिन 14 नवंबर को यह



ललित शर्मा
संपादक

खबर सामने क्यों लाई गई कि अमरीका ने नेवादा के मरुस्थली रेत वाले टोनोपा टेस्ट रेंज में परमाणु बम का परीक्षण किया? तीन महीने तक परीक्षण को छिपा कर क्यों रखा गया? परीक्षण किए गए बम को बी 61-12 ग्रेविटी परमाणु बम नाम दिया गया है। यह जापान के हिरोशिमा पर 1945 में गिराए गए एटम बम से 24 फीसदी अधिक ताकतवर बम बताया जा रहा है। हिरोशिमा बम हमले में 1.40 लाख लोग मारे गए थे। करीब 38,000 बच्चों की भी अकाल मौत हुई थी। 1945 के बाद एक बेहद लंबा वक्त बीत चुका है। क्या अमरीका ने परमाणु परीक्षण कर एक बार फिर परमाणु हथियारों की होड़ शुरू कर दी है और दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है? बीते दिनों रूस ने बुरिवेस्निक और पोसाइडन सरीखी विनाशकारी मिसाइलों के परीक्षण किए थे, तो राष्ट्रपति ट्रंप ने कड़ी आलोचना की थी और अमरीका द्वारा परमाणु परीक्षण करने की लगातार धमकी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने यहां तक बयान दिया था कि रूस, चीन, उत्तरी कोरिया, पाकिस्तान जैसे देश लगातार परमाणु परीक्षण कर रहे हैं और ये परीक्षण भूमि के नीचे किए जाते हैं। यदि जमीन हिलती है, तो उसे भूकंप करार दिया जाता है। बहरहाल यह सच अब सामने आया है कि अमरीका तो अगस्त में ही परमाणु बम का परीक्षण कर चुका है और परीक्षण के वीडियो पेंटागन को भेजे गए हैं। यह परीक्षण राष्ट्रपति ट्रंप की अनुमति के बाद ही किया गया है। यह कथित परमाणु बम एफ-35 लड़ाकू विमान से गिराया गया और एरिया-51 में सीक्रेट टेस्ट किया गया, जो पूर्णत: सफल रहा। यही नहीं, एटम बम के उपकरणों के भी परीक्षण किए गए। अमरीका ने 1992 में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था। उससे पहले 1990 में सोवियत संघ परमाणु परीक्षण कर चुका था। 1996 में चीन और फ्रांस ने अपने परमाणु परीक्षण किए। भारत और पाकिस्तान ने मई, 1998 में परीक्षण किए। उसी दौर में परमाणु परीक्षण पर व्यापक और आंशिक प्रतिबंध लगाने वाली संधियां हुईं, हालांकि भारत ने सीटीबीटी पर हस्ताक्षर नहीं किए। बहरहाल अमरीका के पास तो 1945 में ही ऐसा एटम बम था, जिसने हिरोशिमा और नागासाकी सरीखे जापानी शहरों को मिट्टी-मलबा बना दिया था। लाखों मासूम और अकाल मौतें हुईं और कई पीढियों तक उस परमाणु हमले के प्रभाव देखे गए। पीढि ?ां विकलांग और बीमार पैदा होती रहीं, लिहाजा सवाल बेहद गंभीर और संवेदनशील है कि यदि 33 लंबे सालों के बाद अमरीका ने परमाणु बम का परीक्षण किया है, तो मौजूदा दौर में परमाणु बम कितना विनाशकारी, नरसंहारी साबित हो सकता है? सन्नाटे और रेत के मैदानों के बीच किए गए इस परीक्षण को ऑपरेशन शैडो ड्रॉप कूटनाम दिया गया। सवाल है कि क्या अमरीका ने तमाम परमाणु अप्रसार संधियों को ठेंगा दिखाया है आंशिक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (एलटीबीटी), व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) मुख्य संधियां हैं।

# बिहार में नीतीश कुमार का जादू बरकरार



बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयू, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे। बिहार में मुकाबला मुख्य रूप से जदयू के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ एनडीए और राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच था। इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के एक्जिट पोल नतीजे के बाद जो आश्चर्यकारी परिणाम आये हैं, उसकी गूंज आने वाले पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखायी देगी। लोकतंत्र के इस मंदिर की चैखट पर विराजमान दृश्य कुछ ऐसा है जिसमें हालात किसी एक पार्टी तक ही सीमित नहीं, बल्कि सभी प्रमुख दलों में टिकटों की दावेदारी में राजद व कांग्रेस और जदयु व भाजपा, लोजपा और इसके साथ ही कोई भी अन्य दल इनसे अछूता नहीं है। 10,000 रुपये महिलाओं के खाते में भेजने के कारण महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा और उन्होंने नीतीश सरकार के लिए जमकर मतदान किया जो आज के चुनाव परिणाम में दिखाई दे रहे हैं, इस चुनाव परिणाम ने सारे एग्जिट पोल को झुठला दिया। इस चुनाव परिणाम ने जदयू, भाजपा एनडीए गठबंधन की सत्ता को बरकरार रखा बल्कि उनकी ताकत एवं सीटों में इजाफा पहले से बहुत ही बेहतर हुआ है। चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि नीतीश का जादू अभी भी बिहार में बरकार है। बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयू, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे। बिहार में मुकाबला मुख्य रूप से जदयू के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ एनडीए और राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच था। इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के एक्जिट पोल नतीजे के बाद जो आश्चर्यकारी परिणाम आये हैं, उसकी गूंज आने वाले पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखायी देगी। लोकतंत्र के इस मंदिर की चैखट पर विराजमान दृश्य कुछ ऐसा है जिसमें हालात किसी एक पार्टी तक ही सीमित नहीं, बल्कि सभी प्रमुख दलों में टिकटों की दावेदारी में राजद व कांग्रेस और जदयु व भाजपा, लोजपा और इसके साथ ही कोई भी अन्य दल इनसे अछूता नहीं है। 10,000 रुपये महिलाओं के खाते में भेजने के कारण महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा और उन्होंने नीतीश सरकार के लिए जमकर मतदान किया जो आज के चुनाव परिणाम में दिखाई दे रहे हैं, इस चुनाव परिणाम ने सारे एग्जिट पोल को झुठला दिया। इस चुनाव परिणाम ने जदयू, भाजपा एनडीए गठबंधन की सत्ता को बरकरार रखा बल्कि उनकी ताकत एवं सीटों में इजाफा पहले से बहुत ही बेहतर हुआ है। चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि नीतीश का जादू अभी भी बिहार में बरकार है। बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयू, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे, यह आनेवाले दिनों में पता चलेगा। विधानसभा चुनाव में जनता स्थानीय मुद्दों को ज्यादा तवज्जो देती है। बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत करिश्मे के सहारे चुनाव दर चुनाव जीत रही है और मोदी का वह करिश्मा बिहार में भी आश्चर्यकारी परिणाम लाये हैं क्योंकि बिहार में सुशील मोदी के निधन के बाद उनके स्तर का नेता आज भी नहीं है। ताजा चुनाव नतीजों को नीतीश भाजपा की गठबंधन सरकार के कामकाज पर टिप्पणी की तरह ही देखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की दर्जनों रैलियां बताती हैं कि एनडीए इस चुनाव को लेकर कितना संवेदनशील है। क्योंकि इसका असर पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी असर देखने को मिलेगा। नीतीश कुमार का प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है, खास तौर पर महिलाओं की वजह से, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर उनका नाम औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया। इससे उनका वोटर कुछ असहज रहा। राजद महागठबंधन का स्तर बहुत मुश्किल भरा रहा है, आरजेडी अपने पिछले प्रदर्शन को भी कायम नहीं रख सकी 1 नंबर से वह 3 नंबर पर पहुंच गई, इस बार का उसका प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा, उसके मुद्दे और वायदे जनता को पिछली बार की तरह नहीं आकर्षित कर पाई। सत्ता में उसकी आने की कोशिश और पीछे चली गई। पिछली बार आरजेडी ने 75 सीटें जीती थीं, जो आज 28 सीटों पर सिमट कर रह गई। सरकारी नौकरियां, माई बहन योजना, 30000 रुपये महिलाओं को सरकार बनते ही एकमुश्त देने की घोषणा एवं आजीविका दीदी को पक्की नौकरी और उनकी वेतन 30000 रुपये तक करने का वायदा भी कुछ खास असर नहीं कर पाया। जनसुराज पार्टी की स्थिति मोटे तौर पर निराशाजनक ही कही जाएगी, क्योंकि वह पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल पाया। प्रशांत किशोर खुद कहते रहे हैं कि या तो अर्श पर होंगे या फर्श पर। अगर नतीजे उनके पक्ष में नहीं आए वे इसे अपने बयान की पुष्टि ही मानेंगे। प्रशांत किशोर ने शुरूआत में कहा था कि वे राघोपुर से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन बाद में पीछे हट गए, इससे उनके कार्यकर्ता निराश हुए, जब नेता ही मैदान छोड़ दे, तो कैडर का मनोबल गिरना स्वाभाविक है। महागठबंधन में भी तालमेल की कमी दिखी। चुनाव से दस दिन पहले तक पार्टियों में बातचीत नहीं हो रही थी।

नीतीश कुमार की 10वीं पारी सुनिश्चित करने में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये का कैश ट्रांसफर टर्न अराउंड का सबसे बड़ा फैक्टर साबित हुआ। महिला वोटरों का भरोसा उनके पक्ष में मजबूत हुआ और विपक्ष की रणनीति कमजोर पड़ गई। नीतीश की ये स्कीम चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस योजना के तहत 1.5 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसका अप्रत्यक्ष असर लगभग 4 से 5 करोड़ परिवारों पर पड़ा। कहा जा सकता है कि इस स्कीम ने नीतीश और बीजेपी को तगड़ा वोट हासिल करने में मदद की है। महिलाओं के पक्ष में स्कीम डिलीवरी का नीतीश कुमार का लंबा इतिहास रहा है। इसमें मुफ्त साइकिल, शराबबंदी, छात्रवृति, पंचायत में 50 प्रतिशत सीटों का आरक्षण, सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण अहम हैं। इस बार नीतीश कुमार ने 10 हजार नगदी देने का न सिर्फ वादा किया बल्कि इसे डिलीवर भी किया। इसका नतीजा उन्हें महिलाओं के बंपर वोटों के रूप में मिला। बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयू, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे, यह आनेवाले दिनों में पता चलेगा। विधानसभा चुनाव में जनता स्थानीय मुद्दों को ज्यादा तवज्जो देती है। बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत करिश्मे के सहारे चुनाव दर चुनाव जीत रही है और मोदी का वह करिश्मा बिहार में भी आश्चर्यकारी परिणाम लाये हैं क्योंकि बिहार में सुशील मोदी के निधन के बाद उनके स्तर का नेता आज भी नहीं है। ताजा चुनाव नतीजों को नीतीश भाजपा की गठबंधन सरकार के कामकाज पर टिप्पणी की तरह ही देखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की दर्जनों रैलियां बताती हैं कि एनडीए इस चुनाव को लेकर कितना संवेदनशील है। क्योंकि इसका असर पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी असर देखने को मिलेगा। नीतीश कुमार का प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है, खास तौर पर महिलाओं की वजह से, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर उनका नाम औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया। इससे उनका वोटर कुछ असहज रहा। राजद महागठबंधन का स्तर बहुत मुश्किल भरा रहा है, आरजेडी अपने पिछले प्रदर्शन को भी कायम नहीं रख सकी 1 नंबर से वह 3 नंबर पर पहुंच गई, इस बार का उसका प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा, उसके मुद्दे और वायदे जनता को पिछली बार की तरह नहीं आकर्षित कर पाई।

## उदय किशोर साह



## संस्कार का गहना पहनाना

कविता

औलादों को तुम कुछ दो या ना दो
मगर उन्हें अच्छी बात जरूर बताना
अच्छे कर्म की साँचा में ढ़ालकर
उत्तम संस्कार का गहना तुँ पहनाना

क्षणभंगुर होता है ये जग का दौलत
पर विद्वता का अपार भंडार दिखाना
ना चोरी हो ना हो विद्या का बँटवारा
बच्चे को ज्ञान की बाग तुम दिखलाना

कोरा कागज सा होता है बालक मन
उनमें वेदों का शब्द तुम अवश्य सजाना
मानवता इन्सानियत का है आभुषण
तन मन धन से इनको है। सँवारना

राजा पूजे जाते हैं नीज राज्य में
पर विद्वान की कीमत जग का पैमाना
सोना चाँदी की मुख मलिन दिखता है
पर ज्ञान की कीमत समझता है जमाना

सज्जन हो तुम सज्जनता की बात बताना
इन्सानियत का है ये सुन्दर सा नजराना
उद्दडंता की दलदल कलंक का है घर
संस्कार का गहना दे महान उन्हें बनाना

# विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं? भारत के इन 5 डेस्टिनेशंस पर बनाएं घूमने का अद्भुत प्लान



सर्दियों में भारत यात्रा को यादगार बनाने के लिए यह लेख टॉप 5 डेस्टिनेशंस का विश्लेषण करता है, जहां हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बफीर्ले नजारे व एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और गोवा की बीच पार्टियां आपके विंटर वेकेशन को खास अनुभव देंगी, वहीं सिक्किम की शांत वादियां भी पर्यटकों को खूब लुभाती हैं। विंटर सीजन में ट्रिप पर जाने का एक अलग ही मजा होता है। भारत में सर्दियों की यात्रा जादुई से कम नहीं होती है। अगर आप सर्दियों में बर्फ और ठंड का मजा लेना चाहते हैं, तो इन नई जगहों की खोज जरुर करें। यह लेख आपके लिए है। भारत एक ऐसा देश है जहां हर एक मौसम की एक अलग कहानी होती है। विंटर में यात्राएं भी कमाल की होती है। इस मौसम में आप भारत कई राज्यों में प्राकृतिक सुंदरता, बफीर्ले नजारों और सांस्कृतिक रंगों से यात्रियों को खास अनुभव देगा। हिल स्टेशन से लेकर गोवा की बीच पार्टी एक शानदार अनुभव आपको प्रदान करेगी। अगर आप भी विंटर में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो भारत की इन 5 जगहों पर जरुर जाएं। विंटर डेज में हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से ढक जाती हैं। सर्दियों की छुट्टियों को शानदार बनाने के लिए आप मनाली, शिमला, कसोल और धर्मशाला जैसे स्थानों पर जरुर जाएं। यहां पर आप एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे स्कीइंग और ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं।

**राजस्थान:** राजस्थान रंग, रॉयल्टी और रेगिस्तान की गर्माहट के लिए जाना जाता है। जब पूरे भारत में जोरदार ठंड पड़ने लगती हैं, तो इस मौसम में राजस्थान घूमना सबसे बेहतरीन होता है। सर्दियों में आप जयपुर, उदयपुर, जैसलमेर और जोधपुर में किलों, हवेलियों और रेगिस्तानी सफारी का आनंद ले सकते हैं।

**उत्तराखंड:** प्रकृति और अध्यात्म के लिए उत्तराखंड जाना जाता है। विंटर में ऋषिकेश, औली और नैनीताल जैसे स्थान सर्दियों में बर्फिली वादियों और आध्यात्मिक शांति के लिए बेहद खास है। औली में आप स्कीइंग और ट्रेकिंग का शानदार एक्सपीरियंस ले सकते हैं। प्राकृतिक सुंदर नजारे आपका मन मोह लेंगे।

**गोवा:** विंटर पार्टी के लिए गोवा के हॉट डेस्टिनेशन में आता है। सर्दियों में गोवा का मौसम काफी सुखद और मजेदार होता है। गोवा में दिसंबर के समय सनबर्न फेस्टिवल, बीच पार्टियां और वाटर स्पोर्ट्स इसे विंटर वेकेशन का बेस्ट स्पॉट बना देता है। समुद्र तट पर सनसेट का शानदार नजारा देख सकते हैं।

**सिक्किम:** अगर आप सर्दियों में शांति और सौंदर्य के नजारे देखना चाहते हैं, तो गंगटोक और लाचुंग जैसे स्थान बफीर्ली चोटियों व शांत वातावरण का आनंद ले सकते हैं। यहां के सुंदर मठ और झीले देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

# आपका धनिया हफ्तों तक रहेगा हरा-भरा और फ्रेश! सर्दियों में स्टोर करने का बेस्ट तरीका

हरा धनिया को हफ्तों तक ताजा और हरा-भरा रखने के लिए उसे धोने से बचें या धोकर अच्छी तरह सुखा लें, क्योंकि नमी पत्तियों को सड़ा देती है। एयरटाइट डिब्बे, अखबार, टिश्यू पेपर, पन्नी या एल्युमिनियम फॉयल का उपयोग करके फ्रिज में स्टोर करने से आप धनिया को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं। यह तरीका सर्दियों में धनिया को पीला होने से बचाता है और आपके किचन के लिए एक उपयोगी टिप है। सर्दी का मौसम हो या गर्मी, हर सीजन में हरा धनिया खूब खाया जाता है। यह खाना को भी टेस्टी बनाता है। हर धनिया खाने से सेहत भी बढ़िया रहती है। यह सब्जी-दाल का स्वाद बढ़ाता है। हरा धनिया ज्यादातर लोग फ्रिज में स्टोर करके रखते हैं, जिससे ये हरी बनी रहे।

**बिना धोएं:** बाजार से हरे धनिया लाने के बाद भूलकर भी उसे धोना नहीं चाहिए। धनिया धोने से पानी लगा रहता है और ये पत्तियां सड़ने लगती हैं। यदि आप धोते हैं, तो इसे सुखाकर ही रखें। वरना धनिया दो दिन के अंदर ही खराब हो जाएगा।

**एयर टाइट डिब्बा:** धनिया को आप एयर टाइट डिब्बे में बंद करके रख सकते हैं। एयर टाइट डिब्बे में हरी धनिया खराब नहीं होगी और पत्तियां पीली नहीं पड़ेगी।

**अखबार:** आप धनिया को अखबार में अच्छे से लपेटकर फ्रिज में रख सकते हैं। अखबार में नमी नहीं पहुंचती और ये धनिया को हरा-भरा रखेगा। धनिया को अखबार में लपेटकर पन्नी में रख सकते हैं।

**टिश्यू पेपर:** अखबार न हो, तो आप टिश्यू पेपर को धनिया के ऊपर लपेट सकते हैं। इससे आपका धनिया भी हरा बना रहेगा और इसे आप फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं।

**पन्नी:** हरे धनिया को आप पन्नी में बांधकर रख सकते हैं। ध्यान रहे है कि इसमेम पानी नहीं होना चाहिए। अगर पन्नी में पानी होगा, तो धनिया खराब हो जाएगी।

**एल्युमिनियम फॉयल:** हरे धनिया को हरा-भरा बनाकर रखने के लिए आप एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। एल्युमिनियम फॉयल में धनिया को अच्छे से लपेट लें और फिर इसको फ्रिज में स्टोर करके रख दें। आपका हरा धनिया कई हफ्तों तक हरा-भरा रहेगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# फियेस्टा आफ टैलेंट्स मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर।** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड नूरपुर (बिजनौर) मे फियेस्टा आफ टैलेंट्स मास्टर शेफ प्रतियोगिता में तेज हाउस, टीकेएम आर्ट प्रतियोगिता और क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस ने बाजी मारी।

विद्यालय में पाँचों हाउस सुभाष हाउस, गाँधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच मास्टर शेफ प्रतियोगिता, तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता और क्वीन्स ऑफ टाइम (भारतीय इतिहास की महान महिला हस्तियों को समर्पित फैंसी ड्रेस शो) का आयोजन हुआ। इसमें सभी पांच हाउस के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। नन्हा बचपन सेक्शन ने भी तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाया। मुख्य अतिथि नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, जीजीआईसी धामपुर की प्रिंसिपल मिथलेश, कन्या इंटर कॉलेज की लेक्चरर रुचिका, तेज मोमेरियल हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. जसविंदर कौर के स्वागत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। मास्टर शेफ में तेज हाउस प्रथम, सुभाष द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। सबसे अच्छा खाना आलू टिक्की रहा जो संस्कृति कक्षा 11 (तेज हाउस ने बनाया)। क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस प्रथम, तेज हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। सबसे अच्छी सिदरा (सुभाष हाउस) हरमनप्रीत के किरदार में रही। तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम, भगत सिंह हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस और तेज हाउस तृतीय रहे। सर्वश्रेष्ठ आर्ट नव्या कक्षा 5, (सुभाष हाउस) दीप्ति यादव आठवीं ए (भगत सिंह हाउस), रीत चौधरी (तेज हाउस), भूमि ढकवान (तेज हाउस)। सबसे अच्छे एंकर रिया सैनी क्लास 12 ए, भूमि ढकवान क्लास 12 सी, प्रभा सिमरन कौर क्लास 9, अलीजा गिलानी क्लास 9, रीत चौधरी क्लास 10, परी यादव क्लास 11 रहे। हिंदी एंकरिंग में जसप्रीत कौर क्लास 9 सबसे अच्छी रही। सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशुल गोयल, अजीत कुमार, डोली चौहान, समन्वयक दीपक कुमार, विशाल सैनी सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह, निदेशक रिम्पल कौर प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## बिजनौर में फर्जी दरोगा बनकर ठगी का मामला उजागर

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी दरोगा बनकर एक टैक्सी चालक से ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को कोतवाली शहर में तैनात दरोगा मनोज कुमार बताकर आगरा जाने के लिए टैक्सी बुक कराई और सरकारी खाते से किराया भेजने का झांसा देकर चालक से ही पांच हजार रुपये अपने नंबर पर ट्रांसफर करवा लिए। रुपये मिलते ही आरोपी के दोनों मोबाइल नंबर बंद हो गए। थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर सलामाबाद निवासी टैक्सी चालक निखिल चौधरी के मुताबिक, उसे शनिवार को एक ऑनलाइन कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को दरोगा मनोज कुमार बताते हुए कहा कि उसे तत्काल आगरा जाना है। 12 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से टैक्सी बुक कर उसे शहर कोतवाली बुलाया गया। बातचीत के दौरान फर्जी दरोगा ने निखिल से कहा कि वह सरकारी खाते से भुगतान करेगा, लेकिन इसमें समय लगेगा। इसके बाद उसने निखिल से पहले तीन हजार तथा फिर दो हजार रुपये अपने दूसरे नंबर पर ट्रांसफर करा लिए। बाद में आरोपी ने पांच हजार रुपये और भेजने को कहा। निखिल को शक हुआ और उसने पैसे न होने की बात कही, जिस पर आरोपी ने कॉल काट दी और दोनों नंबर स्विच ऑफ कर दिए।

## ग्राम शेखपुर में शांति देवी कैलाश चंद्र राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय का भूमि पूजन सम्पन्न

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम शेखपुर में शांति देवीझकैलाश चंद्र राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरी महाराज ने अपनी जन्मभूमि की पावन धरा पर पहुँचकर भूमि पूजन किया और जनसेवा के एक नए अध्याय की शुरूआत की। यह चिकित्सालय स्वामी जी के माताझपिता की स्मृति को समर्पित है, जो ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को नई दिशा देगा।कार्यक्रम में गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढती, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी समेत चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व प्रमोद नागर, नव भारत इंटर कॉलेज के संस्थापक पं. देवकीनंदन शर्मा, कॉलेज स्टाफ सदस्य अंकित बाबू, अशोक शर्मा, सोनू शर्मा तथा किसान मोर्चा के क्षेत्र अध्यक्ष अजय भारद्वाज सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया।अपने संबोधन में स्वामी यतीन्द्रानंद गिरी महाराज ने ग्राम शेखपुर व आसपास के क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार लाएगा। स्वामी जी ने बताया कि कपिल त्यागी (यथार्थ हॉस्पिटल्स) द्वारा चिकित्सालय हेतु आवश्यक मशीनें एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। लगभग 7 बीघा भूमि में निर्मित होने वाला यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।ग्राम प्रधान पंकज शर्मा, वरिष्ठजन सोनू शर्मा, राहुल शर्मा, ब्रह्मदत्त शर्मा, नितिन शर्मा, बबलू, गौरव शर्मा, नंदकिशोर, मोदी, संजय, प्रभात शर्मा, पूर्व प्रधान यशपाल चौधरी, मोमराज शर्मा, जयभगवान शर्मा सहित समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वामी जी ने ग्रामवासियों के सहयोग, श्रमदान और समर्थन के लिए विशेष धन्यवाद दिया।ग्रामीण क्षेत्र में बनने जा रहा यह राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय प्राथमिक उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, आपात सेवाओं तथा स्वास्थ्य जागरूकता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं स्थानीय जनता के संयुक्त प्रयासों से यह परियोजना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# उड़ान खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर :** जे०पी० पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'उड़ान 2025' एथलेटिक कौशल, टीम वर्क और जोशीली प्रतिस्पर्धा के शानदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में निदेशक विकास गुप्ता, उनकी पत्नी नीतू गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनित तोमर, कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी, अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत चौधरी एवं आरकेजे संस्थापक विजय गुप्ता, एवं विवेक यूनिवर्सिटी के चेयरमैन अमित गोयल और क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय एथलीट हेमंत चौधरी की उपस्थिति ने इस अवसर को गरिमा प्रदान की। चांदपुर के अभिभावक और गणमान्य निवासी भी युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए एकत्रित हुए। ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में कड़े मुकाबले के बाद, आजाद हाउस ने चैंपियन हाउस का खिताब जीता, जबकि पटेल हाउस ने उपविजेता स्थान हासिल किया। भगत और बोस हाउस ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ ही अंकों से उपविजेता स्थान से चूक गए। पुरस्कार समारोह एक भव्य आयोजन था। जहाँ गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। प्रबंधन ने सभी सदनों के छात्रों के समर्पण और भागीदारी की सराहना की। इस कार्यक्रम ने 'उड़ान' की भावना को सफलतापूर्वक बरकरार रखा - छात्रों को गरिमा और दृढ़ संकल्प के साथ ऊँची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।

## एडीएम वान्या सिंह का औचक निरीक्षण धान खरीद बढ़ाने और किसानों को सुरक्षित भुगतान के सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने नगीना क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर सरकारी व्यवस्थाओं का व्यापक जायजा लिया। उन्होंने सब रजिस्ट्रार कार्यालय, धान क्रय केंद्रों, सहकारी समिति और कोतवाली पहुंचकर कार्यप्रणाली की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सब रजिस्ट्रार कार्यालय नगीना के निरीक्षण में एडीएम ने अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई और सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था संतोषजनक पाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रहें और कार्यालय परिसर में स्वच्छता लगातार बनी रहे। धान क्रय केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वान्या सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों से अधिक मात्रा में धान की खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी किसान को उचित मूल्य पाने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने खरीदे गए धान के समयबद्ध उठान पर भी जोर दिया और कहा कि देरी होने पर किसानों को नुकसान झेलना पड़ सकता है। निरीक्षण के दौरान सभी क्रय केंद्रों पर नमी मापक यंत्र, वजन कांटा, बारदाना और अन्य व्यवस्थाएं सुचारू मिलीं। निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार नगीना, क्रय केंद्र प्रभारियों सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीयूष अरोड़ा को योगी आदित्यनाथ हिंदू रत्न सम्मान से सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** विश्व हिंदू महासंघ का तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यक्रम गोरखपुर में संपन्न हुआ। जिसमें देश-विदेश से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

विश्व हिंदू महासंघ के सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा को योगी आदित्यनाथ हिंदू रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष पियूष अरोड़ा को महंत अवैद्यनाथ सम्मान जो कि योगी आदित्यनाथ जी नाम से दिया जाता है दिया गया था। हिंदू रत्न सम्मान के बाद पीयूष अरोड़ा के प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह सम्मान सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी हरि नारायण जी के द्वारा दिया गया। पीयूष अरोड़ा विश्व हिंदू महासंघ में लगभग 9 वर्ष से जुड़े हुए हैं।

## नाबालिक से जबरन शारीरिक संबंध बनाने का नामजद आरोपी नहीं हो रहा गिरफ्तार

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने अपनी मौसेरी बहन के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए उसका शोषण किया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ 24 अक्टूबर को संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक नामजद आरोपी पुलिस की पहुंच से कोसों दूर बना हुआ है।

एक ओर जहां शासन प्रशासन मिशन शक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा के तमाम दावे जोर शोर से प्रचारित करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रही लेकिन हकीकत इस सबके कोसो दूर है। हकीकत में महिला को न्याय मिलना दूर की कोड़ी ही साबित हो रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मानस्तंभ पर विराजे भगवान श्री आदिनाथ

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बड़ौत नगर में आचार्य श्री नयन सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में मान स्तंभ पर भगवान श्री आदिनाथ जी भगवान की चार प्रतिमाए विराजमान हुई। भगवान के मान स्तंभ पर विराजित होने पर समूचे भारत वर्ष की जैन समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। सुबह से ही मानस्तंभ परिसर में जैन श्रद्धालुओं के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात था। राज्यमंत्री के पी मालिक, नगर पालिका अध्यक्ष के पति अश्वनी तोमर कार्यक्रम में उपस्थित रहे, उन्होंने आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। एडीम बागपत के साथ-साथ थानाध्यक्ष मनोज चाहल फोर्स के साथ पैड के पास उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि दिगंबर जैन कॉलेज सचिव धनेंद्र जैन के निर्देशन में आचार्य श्री पंडित अशोक शास्त्री सहित 10 लोग ही 51 फिट ऊंची पैड द्वारा ऊपर पहुंचे और मंत्रोच्चार के मध्य आदिनाथ भगवान की चार जिन प्रतिमाए विराजमान की। प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य सुरेंद्र कुमार अजित जैन, अमित जैन और अनुज जैन को प्राप्त हुआ। कलशारोहण प्रदीप कुमार पराग जैन द्वारा किया गया। उससे पूर्व ऋषभदेव सभागार में आचार्य श्री नयन सागर जी महाराज के सानिध्य में सौधर्म इंद्र रोहन जैन के नेतृत्व में जैन श्रद्धालुओं ने विश्व शांति महायज्ञ किया तथा अग्नि में इस भावना से आहुति दी कि आदिनाथ भगवान की जिन प्रतिमा मानस्तंभ पर निर्विघ्न रूप से विराजमान हो। दिगंबर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष धन कुमार जैन, सचिव डीके जैन, प्रबन्धक राकेश जैन, वीरेंद्र पिंटी, राकेश भाजपा एवं समस्त प्रबंध समिति ने सभी अतिथियों और सहयोगी संस्थाओं का प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर इंद्रगण आयुष जैन, अजय जैन, वैभव जैन, सुधीर जैन, राजेश जैन, अर्धम जैन, सामग्री प्रदाता रोशनलाल अमित जैन, भोजन दातार सुरेंद्र कुमार जैन मटिया परिवार, प्रवीण जैन अध्यक्ष, राकेश काके, आनंद जैन, दिनेश जैन, अरविंद मुन्ना, संजय वनस्थली, विमल जैन, सुखमाल जैन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए आचार्य श्री नयन सागर जी महाराज ने कहा कि कार्यक्रम के प्रारंभ में झंडारोहण पूर्व से होता हुआ ईशान उत्तर की ओर गया, जो कि काफी शुभ संकेत था। पूरे भारत के समस्त आचार्यों और समूची जैन समाज की यही भगवान से प्रार्थना थी कि भगवान अपने मान स्तंभ पर विराजे।

28 जनवरी 25 को अशुभ कर्मों के उदय के कारण जैन समाज में भारी क्षति हुई लेकिन अब भगवान के अपने स्थान में विराजमान होने पर समस्त समाज में धर्म वृद्धि होगी एवं सुख की प्राप्ति होगी। चातुर्मास का समय पूर्ण हो गया है। सभी श्रद्धालु देव शास्त्र गुरु में अपनी आस्था बनाए रखे और अपने मानव जीवन को सफल बनाए। कार्यक्रम के शुभ समापन के बाद आचार्य श्री 17 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे बावली के लिए मंगल विहार करेंगे।



## ऑपरेशन तलाश के तहत हाफिजपुर पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम और वारन्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान सभी थानों को सक्रिय रखकर वांछित और फरार चल रहे अभियुक्तों की धरपकड़ तेज की गई है। इसी क्रम में थाना हाफिजपुर पुलिस ने संबंधित वारन्टी को पकड़कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और जनपद में अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन ह्यशस्त्रह्न में सफलता थाना सिम्भावली पुलिस ने शातिर अभियुक्त को अवैध असलहे सहित गिरफ्तार किया



हापुड़ मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद में संचालित ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया।पुलिस के अनुसार, अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से अवैध असलहा मिला। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की कार्रवाई प्रचलित है।पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशन शस्त्र के माध्यम से अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की नगर पंचायत सम्पन्न, कई नए सदस्यों को दिलाई गई सदस्यता

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़, 16 नवंबर (रविवार)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की नगर स्तरीय पंचायत आज आरिफ भाई के आवास पर आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता राशिद सलमानी ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने किया।पंचायत में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि किसान-मजदूर की समस्याओं और हक की आवाज को सरकार एवं प्रशासन तक मजबूती से पहुँचाते रहेंगे।इस दौरान नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने यूनियन को मजबूत करने के लिए कई लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई जिनमें जीतू शर्मा, राकेश त्यागी, फिरोज कुरेशी, जावेद अंसारी, महबूब अब्बासी, राशिद सलमानी शामिल रहे।नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने कहा कि संगठन को हापुड़ नगर में नई ऊंचाईयों पर ले जाना हमारा लक्ष्य है। यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ना है।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प का समापन

**वेलकम इंडिया**




**जहांगीराबाद(बुलंदशहर)** उमा देव इंटरनेशनल इंटर कॉलेज में तीनदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी व विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार मनोज ओझा व युवा भाजपा नेता सारांश मिश्रा मौजूद रहे। शिविर में स्काउट मास्टर्स ने विभिन्न टोलियों को स्काउट गाइड से संबंधित ज्ञान, अनुशासन एवं सेवा भाव से जुड़े विविध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कैम्प के दौरान छात्रों ने टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को व्यवहारिक रूप में सीखने का अवसर पाया। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्काउट-गाइड कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल सेवा भाव उत्पन्न करता है, बल्कि उन्हें जीवन में अनुशासन, सहयोग और समर्पण का महत्व भी सिखाता है। शिविर में छात्रों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, झंडा विधि, गांठ बांधने की तकनीक, और सामुदायिक सेवा जैसी गतिविधियों में भाग लेने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता व प्रधानाचार्य उमा गुप्ता ने स्काउट गाइड संगठन की भावना को समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण बताया और छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# विश्राम सदन के शिलापट्ट में सदर विधायक का नाम नहीं, उद्घाटन से पूर्व ही वापस लौटे

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**









**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के भाजपा विधायक श्यामधनी राही मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के विश्राम सदन का बिना उद्घाटन किये लौट गये। उन्होंने कहा कि एक समय था जब क्षेत्र के विपक्ष के विधायक का नाम भी जिला अस्पताल के शिलापट्ट पर लिखा गया था। मैं तो सदर विधायक हूं। मेरा ही नाम नहीं लिखा है। अब यहां रुकने का क्या फायदा? ये कहकर विधायक गुस्से में लौट गये। दरअसल, गेट पर लगे होर्डिंग पर सांसद जगदम्बिका पाल का नाम मुख्य अतिथि और पावर ग्रिड के निदेशक आर0के0 त्यागी का नाम विशिष्ट अतिथि में रूप में लिखा था। लेकिन विधायक का नाम गायब था। आपको बता दें कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों के तीमारदारों के लिए पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 50 बेड के विश्राम सदन का निर्माण कराया है। जिसकी लागत 3 करोड़ 80 लाख रुपए है। जिसका उद्घाटन रविवार दोपहर 1 बजे होना था। जिसमें सदर विधायक श्यामधनी राही को भी आमंत्रित किया गया था। आमंत्रण के बाद वो आज उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंच गये। वहां पहुंचते ही उनकी नजर गेट के बाहर लगी होर्डिंग पर पड़ी। जिसे देखते ही उनका पारा चढ़ गया। अनावरण से ठीक पहले सदर विधायक श्यामधनी राही ने अपना नाम न होने पर आपत्ति जताई और वहां से वापस जाने लगे। वहीं विधायक श्यामधनी राही ने जाते हुए कहा कि मैं लगातार दूसरी बार सदर विधायक हूं, लेकिन शिलापट्ट पर मेरा नाम नहीं डाला गया है। ऐसे में मैं इस कार्यक्रम में क्यों रुकूं? अब मैं यहां से दूसरे कार्यक्रम में जा रहा हूं। एक समय था, जब नीतीश कुमार रेल मंत्री हुआ करते थे। उस समय जिला अस्पताल का उद्घाटन हुआ था। उस समय यहां से विपक्ष के विधायक अनिल सिंह थे। क्षेत्र का विधायक होने के नाते उनका भी नाम शिलापट्ट पर लिखा गया था। मैं तो फिर भी सदर विधायक हूं। मेरा ही नाम शिलापट्ट से गायब है।

## सनातन एकता पदयात्रा मे श्रद्वालुओ के मोबाईल चोरी करने वाले गैग के छ सदस्य गिरफ्तार

**मथुरा/कोसीकलां।** प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि विगत दिनो दिल्ली से वृदांवन जाने वाले बागेश्वर पीठाधीश्वर की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा मे लाखो लोगो का जनसैलाब उमडा था, पदयात्रा के कोसीकलां आने पर कई श्रद्वालुओ के मोबाईल फोन चुराने की घटना प्रकाश मे आयी। जिस पर पुलिस को बीते दिवस की देर सांय करीव आठ बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि मोबाईल चोरी करने वाले गैग के छ सदस्य नई कोसी कामर रोड पर किसी और घटना की साजिश कर रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताये गये स्थान पर छापामार कार्यवाही की और छ लोगो को धर दबोचा और थाने ले आयी। तलाशी के दौरान चोरी किये 16 एंड्रॉयड मोबाईल, तीन चाकू और एक कार बरामद हुयी।

# पुलिस ने बहू-बेटी सम्मेलन में सम्मान सुरक्षा व संघर्ष के दिए सुझाव

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र में रविवार को बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की महिलाओं बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी महिलाओं को सुरक्षा व जागरूकता की शपथ दिलाई गई। सम्मेलन के दौरान समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को नए कानून की दी जानकारी।

थाना शिवनगर डिडई पुलिस ने क्षेत्र के मुंडेरवा गांव में मिशन शक्ति , साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध के अंतर्गत चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। साथ ही गुड टच, बैड टच, नए कानून आदि की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं और महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### शिक्षा जगत में छात्रों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा सरस्वती डिजिटल लाइब्रेरी



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में रविवार को सरस्वती डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य शुभारम्भ हुआ, जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि गांधी आदर्श विद्यालय इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य विजय वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद श्याम देव यादव के साथ डॉ0 नित्यानन्द मिश्रा, पत्रकार पवन यादव, प्रवक्ता परवीन श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। वहीं मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य विजय वर्मा ने अपने सम्बोधित में कहा कि यह नगर पंचायत बढ़नी का पहला डिजिटल लाइब्रेरी है। निश्चित ही यह शिक्षा जगत में मील का पत्थर साबित होगा। इसी क्रम में पूर्व सभासद श्याम देव यादव ने कहा कि इस लाइब्रेरी में बच्चे शान्तिपूर्ण वातावरण में स्वाध्याय कर सकेंगे, जिससे निश्चित ही शिक्षा जगत में एक नई क्रान्ति का आगमन होगा। उमा टेक डिग्री कॉलेज की डायरेक्टर एकता पाण्डेय ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि हम लोगों का सम्पूर्ण प्रयास गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा देने का है। जो गरीब परिवार के बच्चे हैं, उन्हें हर सम्भव मदद करते हुए शिक्षा देने और दिलाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन कम्प्यूटर शिक्षक पंकज पाण्डेय ने किया। उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में पंकज दूबे, शिवशंकर कसौधन, वंशराज गुप्ता, मनोज कुमार रौनियर, प्रिंसी पाठक उमाटेक टेक्निकल डिग्री कालेज के समस्त विद्यार्थी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहें।

### लोगों ने की पैदल पथ, पक्का नाला और ब्रेकर बनाने की मांग



**मथुरा।** जमुना पार स्थित लोहवन में बगीची से लेकर खाकी बाबा मंदिर तक सड़क का निर्माण करीब एक माह पूर्व हुआ था जिसके किनारे पैदल पथ एवं पानी निकासी के लिए पक्का नाला और नवनिर्मित सड़क पर ब्रेकर बनाए जाने की मांग लोगों ने की है। स्थानीय निवासी रूपकिशोर शर्मा, हरिओम गुप्ता सिकंदर, मोहन रावत, बच्चू चौधरी,देवेंद्र रावत, कन्हैया रावत, पूरन चंद गुप्ता, नंदकिशोर रावत एवं देवेश सारस्वत आदि का कहना है कि सड़क किनारे एक फीट से भी अधिक गहरे गड्ढे हैं जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है और सड़क पर वाहन तेज गति से चलते हैं उससे भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है जिसके समाधान के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाना आवश्यक है। ठेकेदार द्वारा सड़क को तो बनवा दिया गया है उसके बाद यहां अन्य कार्य बाकी हैं। लोगों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया लेकिन पैदल पथ न होने के कारण यह निर्माण अभी अधूरा है सड़क किनारे गड्ढे और नाली है वाहन चालकों के लिए यह कभी भी परेशानी का सबक बन सकते हैं इस समस्या के समाधान के लिए सड़क के दोनों और पैदल पथ निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। इस संबंध में जब ठेकेदार आर.के. सिंह से बात की गई तो बताया गया कि रोड बनाने के बाद बजट नहीं बचा है फिर भी वह कल आदमी भेजकर सड़क से लिंक गालियों के मोड़ पर इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क किनारे मिट्टी डलवा देंगे और ब्रेकर की व्यवस्था कर देंगे। पक्का नाला और पैदल पथ निर्माण के लिए एक फाइल स्वीकृत कराकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

### मोबाइल चोरी कर ले जाने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक युवक ने गांव के कई युवकों पर उसका मोबाइल फोन उठा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी नदीम में रविवार को थाने पर तहरीर देकर बताया की सुबह सवेरे उसके घर पर गांव के कई युवक पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने एक राय होकर उसका हजारों रुपए की कीमत का मोबाइल चोरी कर उठा कर लें गए। पीड़ित ने जब अपने मोबाइल की मांग की तो आरोपियों ने मोबाइल देने से मना कर दिया।

# सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा में सिविल डिफेंस निभा रहा अपनी अहम भूमिका

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जिला अधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मथुरा के आदेश अनुसार नई दिल्ली से वृंदावन तक निकली जा रही बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा जहां पुलिस प्रशासन की सुरक्षा एजेंसियां सजग सतर्क होकर अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते नजर आ रहे हैं बही दूसरी और निष्काम सेवा से जुड़े सिविल डिफेंस मथुरा के प्रभारी अपर जिला अधिकारी ( नमामि गंगे ) राजेश यादव के नेतृत्व में चीफ वार्डन राजीव अग्रवाल, उप नियंत्रक मुनेश कुमार गुप्ता, कल्याण दास अग्रवाल के निर्देशन में वार्डन पोस्ट संख्या एक के पोस्ट वार्डन एवं भारत सरकार के मास्टर ट्रेनर अशोक यादव की टीम के द्वारा भी निस्वार्थ भाव से दिन रात सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा में ड्यूटी देते नजर आए।

इस दौरान यातायात व्यवस्था नियंत्रण करने के अलावा भीड़ में शामिल लाखों की संख्या में पद यात्रियों का मार्गदर्शन करने के अलावा उनके भोजन पानी की व्यवस्था में सिविल डिफेंस के वार्डन एवं स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे। जिला अधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा के आदेश के बाद सिविल डिफेंस के वार्डन एवं स्वयंसेवक के द्वारा मथुरा से 40 किलोमीटर दूर कोसीकला पड़ाव से लेकर छाता चौमहा वृन्दावन तक पदयात्रा में अपनी जिम्मेदारियों का निस्वार्थ भाव से निर्वाह किया जा रहा है पदयात्रा में शामिल पद यात्रियों ने नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा की जा रही सेवा की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। यह पहली बार हुआ है जब नागरिक सुरक्षा विभाग को शहरी सीमा से दूर ग्रामीण अंचल से जुड़े कोसीकला छाता में जिला अधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा सी पी सिंह द्वारा जिम्मेदारी दी गई।

# खेसरहा पुलिस ने जन चौपाल लगाकर नए कानून और मिशन शक्ति की दी जानकारी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** थाना खेसरहा पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के कसेहरा में बालिकाओं, महिलाओं व पुरूषों को ह्लजन चौपालह्व लगाकर नए कानून के बारे में जानकारी देकर जागरुकता अभियान चलाया गया और पोस्टर चस्पा किया गया।

थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम ने जन चौपाल के माध्यम से बहु बेटी सम्मेलन , मिशन शक्ति कार्यक्रम व साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सशक्ति का संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व स्वास्थ्य सेवा 102 महिला से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी गई एवं महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए कल्याणकारी योजनाओं और वीडियो के तहत जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला आरक्षी रंभा यादव, महिला पीआरडी सुषमा व महिला पीआरडी शीला द्वारा नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं व महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया।

# राजस्थान बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में राधाकुंड के अमित गौड़ ने जीता रजत पदक

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान में राजस्थान के धौलपुर में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राधाकुण्ड के युवा बॉडीबिल्डर अमित कुमार गौड़ ने बॉडीबिल्डिंग मके दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक हांसिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रविवार को बॉडीबिल्डर के गाँव पहुंचने पर दर्जनों युवाओं ने फूल माला पहनाकर व डोल नागाड़े के साथ जोशीला स्वागत किया गया।

अमित कुमार गौड़ ने बताया की बोले बाबा की कृपा और बुजुर्गों का आशीर्वाद एवं कोच शुभम पंडित के मार्गदर्शन से महेश्वर रॉयल जिम में लोकेश लव बघेल के निर्देशन में तीन साल की लगातार मेहनत कर बॉडी बनाई हैं जो आज रंग लाई हैं। जिससे राजस्थान की बॉडीबिल्डर चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हांसिल किया हैं। इस अवसर पर युवाओं साथियों ने फूलमाला, पटका पहनाकर व ढ़ोल नागाड़े की धुन पर नृत्य कर जोशीला स्वागत किया।

इस अवसर पर बिल्लू ठाकुर, कान्हा गोस्वामी, लवकुश चौधरी, चंद्र प्रकाश शर्मा, दीपांशु गोस्वामी, चेतन बजरंगी, बाबूलाल,भारत मिश्रा, राम बोहरे, हरिओम पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150वी जयंती पर निकाली भव्य पदयात्रा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार को एक विशाल पदयात्रा पूर्व मंत्री डा . सतीश द्विवेदी के अगुआई में निकाली गई। इस पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ आम नागरिक व स्कूली बच्चे शामिल हुए।

इटवा विधानसभा क्षेत्र के महादेव घुरहू से शुरू हुई 'एकता पदयात्रा' के दौरान 'भारत माता की जय', 'सरदार पटेल अमर रहें' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यह पदयात्रा सुबह करीब 11 बजे महादेव चौराहे के पास से शुरू हुई, जहाँ बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। राष्ट्रगान के बाद यात्रा आगे बढ़ी, जिसमें स्कूली बच्चे सबसे आगे थे और उनके पीछे लोगों का समूह चल रहा था। हाथों में तिरंगा लिए हुए यह यात्रा सेमरी, महजिदिया होते हुए इटवा चौराहे पर पहुंची, जहां इसका स्वागत किया गया। उसके बाद यात्रा बीआरसी परिसर में एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गई।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा पूरे देश में सरदार पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को कांग्रेस की सरकारों ने वह सम्मान नहीं दिया जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश में एकता यात्रा निकली जा रही है। इस एकता यात्रा के माध्यम से जन जन तक सरदार वल्लभ भाई पटेल की शख्सियत और उनके द्वारा देश के प्रति किए गए कार्यों को पहुंचना है। उन्होंने कहा कि भारत का हर नागरिक अब यह समझ चुका है कि भाजपा ही देशभक्त पार्टी है । भाजपा के हाथों में देश सुरक्षित है।

पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी कहा कि ये कार्यक्रम 31 अक्टूबर से जारी हैं, जिनमें 'रन फॉर यूनिटी', गोष्ठी, पौधारोपण, रक्तदान शिविर और 'एकता पदयात्रा' जैसे आयोजन शामिल हैं। पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की एकता के लिए सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# मेडिकल कॉलेज में 3 .84 करोड़ से बने 50 बेड के विश्राम सदन का हुआ लोकार्पण

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में सांसद जगदंबिका पाल ने 3.84 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड की विश्राम सदन का लोकार्पण किया। यह सुविधा अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती आवास प्रदान करेगी। माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में 3.84 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड की निर्मित बहुप्रतीक्षित विश्राम सदन का रविवार को सांसद जगदंबिका पाल की ओर से पावरग्रिड के अफसरों के साथ लोकार्पण किया गया। बीएससी ग्राउंड के प्रांगण में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में नवनिर्मित विश्राम सदन का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को सुरक्षित, स्वच्छ, किफायती और व्यवस्थित आवास सुविधा उपलब्ध कराना है। सांसद ने कहा कि अब तक दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिजनों को रुकने के लिए उचित व्यवस्था न होने से खुले में, बरामदों या महंगे निजी आवासों में ठहरने की मजबूरी होती थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने अपने संबोधन मे कहा कि सौभाग्य की बात है कि आज पावर ग्रिड द्वारा जनपद में 50 बेड के विश्राम सदन का लोकार्पण हुआ है। इसके लिए पावर ग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, पावर ग्रिड आर. के. त्यागी को धन्यवाद देता हूँ। इससे मरीजो के परिजनो को लाभ मिलेगा। सांसद के प्रयास से 1000 सीट का आडिटोरियम बन रहा है। स्वतंत्र निदेशक, पावरग्रिड, युगेश कुमार दीक्षित ने कहा कि सीएसआर योजनान्तर्गत आज दो योजनाओ का लोकार्पण हो रहा है। जिसमें पचास बेड का विश्राम सदन तथा पांच सौ हैण्ड पम्प तथा पांच सौ सोलर लाइट का भी हैण्डओवर जिला प्रशासन को किया जायेगा। पावरग्रिडड सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता रहता है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार पावर ग्रिड काम कर रहा है।

इस मौके पर पावरग्रिड के स्वतंत्र निदेशक शिव तपस्या पासवान, कार्यपालक निदेशक युगेश कुमार दीक्षित, डीएम शिवशरणप्पा जीएन, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, विधायक विनय वर्मा, चेयरमैन गोविंद माधव, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक पुत्र का चयन डेटा साइंटिस्ट के पद पर हुआ

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लाक के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय ठटरा में प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा ग्राम सभा नयापुर, मिजार्मुराद निवासी चन्द्रबली पटेल व गृहिणी शारदा सिंह के पुत्र चन्द्रेश पटेल का चयन बंगलूरू स्थित अमेरिकी अक कम्पनी 'नेट्राडाइन' में डेटा साइंटिस्ट के पद पर हुआ है। उन्होंने सफलता का श्रेय माता- पिता के प्रोत्साहन व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में रोबोटिक्स के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ( डॉ० ) सुरेश सुन्दरम्-के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। इसी विभाग में वे एम.टेक. अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं। बताते चलें कि चन्द्रेश ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी हावड़ा से बी.टेक.की पढ़ाई के दौरान इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण परीक्षा गेट -2024 में आल इंडिया 18वीं रैंक हासिल की थी। इस कामयाबी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने चन्द्रेश को शुभकामनाएं दी हैं।

# थाना दिवस पर जनता से पुलिस ने किया सीधा संवाद

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** आईजी कुमायूँ रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में कुमाऊ मंडल रेंज के समस्त जिलों में थाना दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चंद्रशेखर घोडके के आदेशानुसार जनपद के सभी थानों में थाना दिवस आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा स्वयं कोतवाली बागेश्वर में आयोजित थाना दिवस की अध्यक्षता की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक ग्रामीणों, व्यापार संघ एवं वरिष्ठ नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान थाना क्षेत्र के उपस्थित नागरिकों द्वारा यातायात, हुड़दंग/नशाखोरी, अतिक्रमण, पुलिस गस्त बढ़ाने सम्बन्धी आदि समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया एवं कुछ का मौके पर ही उसका समाधान करने हेतु सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया।एसपी द्वारा जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए त्वरित समाधान, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यशैली पर विशेष जोर दिया साथ ही उपस्थित जनता से अपने आसपास हो रहे आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने व बागेश्वर को नशामुक्त बनाने मे पुलिस का सहयोग देने की अपील की।वहीं व्यापार संघ द्वारा एसपी घोड़के को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष सूरज जोशी, वरिष्ठ कल्याण न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार,दयाल पांडे,योगेश पूना देवेंद्र अधिकारी,भाजपा नेता राजेन्द्र परिहार, सभासद ललित तिवारी,ईश्वर पांडे, विवेक तिवारी सहित मौजूद लोगों ने कोतवाल अनिल उपाध्याय की कार्यशैली की सराहना करते हुए,उन्हें मृदुभाषी और कोतवाली में फरियाद लेकर पहुँचने वालो के साथ मित्रवत व्यवहार करने और तत्काल अपने स्तर से उचित सहयोग करने की बात कही।

इस दौरान,एसएसआई खष्टी बिष्ट,एसआई दीपक बिष्ट, आदि मौजूद थे।इसके अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा द्वारा थाना कपकोट में थाना दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी।साथ ही बैजनाथ में थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट,कोतवाली कौसानी में कोतवाल कैलाश नेगी, कांडा सहित झिरोली थाने में थानाध्यक्ष मनवर सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुना।एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने कहा कि थाना दिवस के माध्यम से पुलिस एवं जनता के मध्य संवाद को सशक्त बनाना तथा जनता के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी रूप से लागू करना है।

## पति के मौत के गम मे पत्नी ने तोडा दम

**मथुरा/कोसीकलां।** प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसीकलां के गांव सुपाना निवासी राधाकिशन पुत्र परमानन्द उम्र करीब 65 वर्ष नवीपुर बीते दिवस शनिवार की सुबह करीब 8 बजे साईकिल से कपडा बनाने वाली ईकाई मे कार्य करने जा रहा था। ट्रक ने साईकिल मे टक्कर मार दी जिससे वृद्व की मौत हो गयी। मौत का समाचार लोगो के द्वारा पत्नी माया को दिया गया। पति की मौत का समाचार सुनकर पत्नी की हालत खराब हो गयी और मौके पर अचेत होकर जमीन पर जा गिरी। लोगो ने बेहोशी की हालत मे उपचार के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया जहा चिकित्सको ने केडी हास्पीटल रैफर कर दिया। रविवार की सायं पत्नी ने वियोग मे दम तोड दिया। पत्नी की मौत का समाचाार मिलते ही गांव मे प्रत्येक घर मे मातम पसर गया हर कोई पति और पत्नी की मौत से हतप्रभ रह गया। ग्राम प्रधान कैलाश सुपानिया मृतक के स्वजनो को सात्वना देने पहुचे और बताया कि 21 नबबंर को मृतक की 21 वर्षीय पुत्री रिकी की शादी थी। घर मे शादी की तैयारिया चल रही थी रिश्तेदारो का आना जाना लगा हुआ था। शादी के घर की खुशिया मातम मे बदल गयी।

# पानी की टंकी निर्माण का चेयरमैन ने भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सकीतरा हरिपुरा ग्राम पंचायत में मीठे पानी की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाएगा। इसके लिए सकीतरा में पानी की टंकी ( ओवरहेड टैंक ) का निर्माण कार्य शुरू हो गया। कुछ माह बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को मीठे पानी की आपूर्ति ओवरहेड टैंक से शुरू हो जाएगी।

रविवार दोपहर में सकीतरा में ओवरहेड टैंक ( पानी टंकी ) के निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने मंत्रोच्चारों के साथ भूमिपूजन कर किया। सकीतरा में प्राचीन चामड देवी मंदिर के पास ग्राम पंचायत की भूमि में टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया। चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने सभासदों व ग्रामीणों की उपस्थिति में 200 के एल क्षमता की टंकी का निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन कर व चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने नारियल फोड़ कर शुरू कराया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि सकीतरा हरिपुरा ग्राम पंचायत का विलय 2019 में नगर पंचायत में हो गया था। ग्रामीणों को सीधे ट्यूबल से पेयजलापूर्ति की जाती है जिससे हर जगह पानी नहीं पहुंचता। इस क्षेत्र में लंबे समय से मीठे पानी की आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए 200 के एल क्षमता का ओवरहेड टैंक करीब 48 लाख रुपए की लागत से बनाने के कार्य का शुभारंभ हुआ है। शीघ्र ही पानी टंकी बनने के बाद नवीन ट्यूबल की स्थापना कर इस टंकी की लाइन बिछा कर पेयजलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी। इस पानी टंकी निर्माण से ग्राम पंचायत के नागरिकों के साथ बरसाना रोड पर बसी नई आबादी को भी पानी मिल जाएगा।

इस दौरान सभासद नरसिंह बघेल एडवोकेट, सुरेंद्र गुप्ता बिरजो भैया सभासद, पूर्व प्रधान मेघश्याम बघेल, अजय अग्रवाल चक्की वाले, सोनू चौधरी, गब्बर, नाहर सिंह, देवकी सैनी, मोहन श्याम अग्रवाल लिपिक, नानक चंद शर्मा, भरत सिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत की नगर पंचायत सम्पन्न



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) की नगर स्तरीय पंचायत आज आरिफ भाई के आवास पर आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता राशिद सलमानी ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने किया।पंचायत में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि किसान-मजदूर की समस्याओं और हक की आवाज को सरकार एवं प्रशासन तक मजबूती से पहुँचाते रहेंगे।इस दौरान नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने यूनियन को मजबूत करने के लिए कई लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई जिनमें जीतू शर्मा, राकेश त्यागी, फिरोज कुरेशी, जावेद अंसारी, महबूब अब्बासी, राशिद सलमानी शामिल रहे।नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने कहा कि संगठन को हापुड़ नगर में नई ऊंचाईयों पर ले जाना हमारा लक्ष्य है। यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ना है।पंचायत में मौजूद प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकताओं में जिला महासचिव ममता शर्मा,नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी,जिला उपाध्यक्ष गीता सिरोही,ब्लॉक अध्यक्ष कुमुद शर्मा,नगर उपाध्यक्ष युसूफ, नौशाद, आमिर,नगर सचिव अनु मलिक, अल्तमस,संगठन मंत्री आरिफ,नगर सचिव राजा,वार्ड अध्यक्ष आस मोहम्मद, शाकिरसहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।


### भाजपाजनों ने अजगरा विधानसभा के आयर में निकाली यूनिटी मार्च



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद।** अजगरा विधान सभा के आयर में रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने 'एकता यात्रा' के तहत रन फार यूनिटी मार्च निकाली। भाजपा कार्यकर्ता अमर शहीद इंटर कालेज से ब्लाक मुख्यालय तक हाथों में तिरंगा झंडा लिए वंदेमातरम, भारत माता की जय, सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे जयघोष के साथ चल रहे थे।मुर्दहा बाजार में डा.भीमराव आंबेडकर एवं ब्लाक परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। यूनिटी मार्च में विधायक त्रिभुवन राम, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र रघुवंशी, पूर्व प्रमुख गोपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, चंद्रशेखर सिंह, संजय सोनकर, आशुतोष मिश्रा, सुनीता सिंह, विनय सिंह 'हिटलर', रामप्रकाश सिंह, श्वेतांक तिवारी, विशाल सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शांतिभंग के आरोप में पांच लोगों का किया चालान



**अगौता/बुलंदशहर।** अगौता थाना पुलिस ने रविवार को शांति भंग के आरोप में विभिन्न स्थानों से पांच लोगों को किया गिरफ्तार जिसमें दीपक पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम निमचाना की मढैया थाना अगौता शिवम शर्मा पुत्र कन्छिंद शर्मा निवासी ग्राम निमचाना अनुज पुत्र मनवीर निवासी ग्राम मालागढ थाना अगौता रोहित पुत्र मनवीर निवासी उपरोक्त विशाल पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम पवसरा थाना अगौता जनपद बुलंदशहर के रहने वाले है।उधर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि इन सभी आरोपियों का शांति भंग के आरोप में चालान किया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान के कार्यक्रम के तहत

# परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना द्वारा 03 परिवारों के मध्य कराया सुलह समझौता

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे 'साथ-साथ' कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोडने की एक पहल) का आयोजन में आज दिनाँक 16.11.2025 को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना जनपद संतकबीरनगर पर थानाध्यक्ष पूनम मौर्या एवं थाने पर नियुक्त काउन्सलर रिफातुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में 03 मामले आये। जिसमें सुलह समझौता करवाया।

प्रथम पक्ष झ संगीता मौर्या पत्नी राकेश मौर्या निवासी शिवसरा चौकी थाना को0खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर द्वितीय पक्ष झ राकेश मौर्या निवासी शिवसरा चौकी थाना को0खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दूसरे मामले में प्रथम पक्ष झ रीता पत्नी वीरेन्द्र निवासी पड़ियापार थाना दुधारा जनपद सन्तकबीर नगर द्वितीय पक्ष झ विरेन्द्र पुत्र श्रीराम निवासी पड़ियापार थाना दुधारा जनपद सन्तकबीर नगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।तीसरे मामले में प्रथम पक्ष झ चन्द्रकला पुत्री छोटी निवासी नगर पंचायत बेलहरकला थाना बेलहरकला जनपद सन्तकबीर नगर द्वितीय पक्ष झ राकेश पुत्र गोरख ग्राम मंझरिया थाना बेलहरकला जनपद सन्तकबीर नगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है।

## किशोरी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक किशोरी ने गृह क्लेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया परिजनों आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। रविवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि पीड़ित परिवार सहित घर से किसी कार्य के लिए बाहर गए हुए थे और घर पर उनकी नाबालिग पुत्री अकेली थी। उनकी गैर मौजूदगी में उसकी नाबालिग पुत्री ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजनों ने आनन-फानन में किशोरी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई थी।

# घर में घुसकर लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से मारपीट करने का आरोप



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव सल्हाखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस के आधा दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने व तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव सल्हाखेड़ी निवासी रिजवान ने बताया कि उसके पड़ोस का माहिर पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखता है। रविवार की सवेरे आरोपी अपने परिवार के आधा अर्जन लोगों सहित लाठी डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस गया और आरोपी ने जमकर तांडव मचाया। आरोपी व उसके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए अभद्रता की और आरोपी ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है। आरोपियों ने जमकर पत्थर बाजी भी की वीडियो के पास वीडियो उपलब्ध है। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर अपनी वह अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार के महिला पुरुषों को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी दंपति पर की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक महिला ने पड़ोसी दंपति पर बच्चों के मामूली विवाद को लेकर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। रविवार को थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी महिला साईमा पत्नी नईम ने बताया कि उनके पड़ोस की महिला नसीमा उसका पति नफीस आए दिन उनके साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है। आरोप है कि रविवार की सवेरे बच्चों के मामूली विवाद को लेकर आरोपी महिला ने जमकर गाली गलौज की और मारपीट करने लगी। और महिला के पति ने फोन पर भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने आरोपी दंपति के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## अमित कटारिया रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा निवासी अमित कटारिया को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) द्वारा युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों ने फूलमालाओं से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।रविवार को पार्टी के राष्ट्रीयअध्यक्ष रामदास आठवले द्वारा अमित कटारिया को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अमित कटारिया संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नियुक्ति पत्र सौंपा।जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर अमित कटारिया ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को जोड़ने और संगठन के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जताए गए विश्वास को वह मेहनत और समर्पण से पूरा करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के कार्यकताओं ने भी नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त की और उनके नेतृत्व में संगठन को और आगे बढ़ने की उम्मीद जताई। और उनका फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया।

# शेखपुर में राजकीय अस्पताल भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गौसेवकों व पुलिस प्रशासन में हलचल



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र स्थित गांव शेखपुर में रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय द्वारा राजकीय अस्पताल के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा पदाधिकारी एवं उत्तराखंड से आए साधु-संत भी मौजूद रहे।इसी दौरान राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी को सूचना मिली कि गांव में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। इस पर वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भी संगठन को गोवंश की स्थिति से अवगत कराया।

संगठन ने लापरवाही पर आपत्ति जताते हुए गोवंश पकड़कर भूमि पूजन स्थल तक ले जाने की तैयारी शुरू की।इधर किसी युवक द्वारा इसकी जानकारी लीक होने पर प्रशासन और पुलिस विभाग में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और गौसेवकों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके चलते कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा।

गौसेवकों ने विरोध जताया, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तथा फोन पर वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता भी कराई।

कार्रवाई के आश्वासन पर गौसेवकों ने अपना विरोध समाप्त किया।मौके पर जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी सचिन रावल, जिला सचिव आकाश बेनीवाल, सोवीर सिंह, अनुज कश्यप, हनी गुर्जर, माधव शर्मा, शवीर सिंह, जसवीर, अशोक, रोहित, राहुल, रोहन, अंकुर सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**पहासू।** रविवार प्रत्येक वर्ष की भांति क्षेत्र के जीडीएस इंटरनेशनल स्कूल सुरजावली में जूनियर एवं सीनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई जिसमें क्षेत्र के 85 छात्रों ने प्रतिभा किया तथा सभी छात्रों ने बड़ी लगन के साथ ओएमआर शीट पर परीक्षा दी परीक्षा के 1 घंटे के बाद माननीय प्रधानाचार्य गोरखपाल सिंह द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल घोषित किया गया परीक्षा में एसपी कुमार प्रथम आकाश कुमार द्वितीय आशीष कुमार तृतीय और आदित्य कुमार प्रथम हिमांशु द्वितीय विवेक कुमार तृतीय वर्ग के तीन-तीन बच्चों को पुरस्कार प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि हरि सिंह बघेल जिला महामंत्री बुलंदशहर बसपा एवं बसपा नेता सतीश चंद्र गौतम रहे।इस परीक्षा की क्षेत्र में काफी चर्चा रही सभी आयोजक मंडल एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया गया इस मौके पर हरि सिंह बघेल सतीश सिंह गौतम सोमलता राज प्रबंधक गोरखपाल सिंह प्रधानाचार्य आकांक्षा खुशी काजल लाखन सिंह भीम किशोर विवेक संजीव कुमार लोकेश कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह।

# केएमयू में हुआ वाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिले के पाली डूंगरा सौंख रोड स्थित केएम विश्वविद्यालय में आयोजित वाइट कोट सेरेमनी में प्रदेश के भावी डाक्टरों को चिकित्सा सेवा की पहली औपचारिक पहचान मिलीं। इस दौरान छात्रों को वाइट कोर्ट पहनाकर उन्हें कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एफएमटी एचओडी डा. शरद अग्रवाल, कॉडीनेटर डा. हरिनारायण यादव ने मां सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माला पहनाकर किया।

केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नए सत्र में एडमिशन लेने वाले एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा वाइट कोट डॉक्टर्स की पहचान होती है, डाक्टर बनना सिर्फ हमारा सपना नहीं होता हमारे माता-पिता के सपने और उम्मीदें भी इसके साथ जुड़ी होती है। आप यहां से अच्छे डाक्टर के साथ अच्छे इंसान बनकर निकले। वाइस चांलसर डा. एनसी प्रजापति ने कहा वाइट कोर्ट को धारण करने के बाद जिंदगी में नया बदलाव आने वाला है, अनुशासन लगन और ईनामदारी के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। कई फाउंडेशन कोर्स करने के बाद आपको यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आप अपने टारगेट बनाकर रखे अच्छे रिजल्ट आयेंगे, बेस्ट( अब्बल ) आसानी से नहीं मिलता इसलिए मेहनत जरूरी है। कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा वाइट कोट समारोह एक गौरवशाली क्षण है जो भविष्य के डाक्टरों के रूप में आपकी यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है। यह आपको हमेशा दयालु, ईमानदार और दूसरों की मदद के लिए समर्पित रहने की याद दिलाता है। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने भविष्य के डाक्टरों को आकार देने में नैतिकता, करुणा और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा वाइट कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि यह मानव सेवा और निष्ठा का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई, इस शपथ के माध्यम से उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानवता और सेवा भाव को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इसके अलावा एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, डा. हरि नारायण यादव, डा. संतोष कुमार शाह, डा. ऋषभ, डा. अमर सिंह, डा. देवेन्द्र ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी के उपाध्यक्ष ने मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण





**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा ने शिवपुर मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया यह परियोजना लगभग 6.11 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जा रही है जिसमें बहुउद्देश्यीय खेल एवं सामुदायिक सुविधाएँ प्रस्तावित हैं जैसे फुटबॉल एवं हॉकी प्लेफील्ड, वॉलीबॉल कोर्ट, इनडोर गेम हॉल एवं चेंजिंग रूम, योगा पविलियन, ओपन जिम, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट्स, तीन मीटर चौड़ा पक्का एवं कच्चा वॉकिंग ट्रैक, बच्चों का खेल क्षेत्र एवं वरिष्ठ नागरिक क्षेत्र, सिटिंग पविलियन, कैंटीन इत्यादि सुविधाए रहेंगी निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार, अभियंता एवं वास्तुविद मौजूद रहे।

उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा के द्वारा निरिक्षण के दौरान पाया कि निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा सम्पूर्ण स्टेडियम का निर्माण अगले वर्ष मानसून सत्र से पहले हर हाल में पूरा किया जाए उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों एवं खिलाड़ियों से भी संवाद किया उनकी आवश्यकताओं तथा खेल संबंधी अपेक्षाओं को समझा और आश्वस्त किया कि स्टेडियम को आधुनिक, सुरक्षित एवं सभी आयु वर्गों के खिलाड़ियों के अनुकूल बनाया जाएगा।

उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा इस परियोजना को वाराणसी के स्थानीय खेल अवसंरचना को मजबूत करने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखता है और सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ समय पर पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुलिस ने एक बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**अगौता/बुलंदशहर।** जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से एक चोरी की बाइक व एक अवैध चाकू बरामद किया है। अगौता थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी टीम उपनिरीक्षक तिपेंद्र सिंह, सुभाष त्यागी, कांस्टेबल अनुराग सिंह, कुलदीप कुमार, शंकर ने एक अभी सूचना के आधार पर एक अभियुक्त को ग्राम किसौली की मढैय्या वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है अभियुक्त की पहचान रौनक पुत्र योगेश निवासी ग्राम किसौली थाना अगौता जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है।

# काशी के लाल राजेश मौर्या विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के बने राष्ट्रीय मंत्री

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में लखनऊ में गोमती नगर स्थित मुख्य कार्यालय में राजेश मौर्या को प्रदेश संगठन मंत्री से प्रोन्नति कर राष्ट्रीय मंत्री के पद पर किया गया नियुक्त संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय मंत्री ने बताया की राजेश मौर्या को राष्ट्रीय मंत्री का पद उनके द्वारा संगठन में किये गये अच्छे कार्य को देखते हुए दिया गया है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आगे भी संगठन के सक्रिय सदस्यों और मेहनती कार्यकत्ताओं को योग्यतानुसार उन्हें प्रोन्नति दी जाएगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय और वरिष्ठ राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पाण्डेय ने राजेश मौर्या को राष्ट्रीय मंत्री बनने पर दी बधाई और शुभकामनाएं कृष्णा पाण्डेय ने राजेश मौर्या से कहा की आगे भी संगठन को मजबूत करने का कार्य करते रहिए संगठन आपके साथ



हमेशा खड़ा रहेगा राजेश मौर्या के राष्ट्रीय मंत्री बनने की खबर मिलते ही विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकत्ताओं और पदाधिकारियों में काफी खुशी की लहर देखने को मिला सभी ने राजेश मौर्या को संगठन में राष्ट्रीय मंत्री बनने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया। उक्त अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष राय, वरिष्ठ राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पाण्डेय सहित इत्यादि कार्यकर्त्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी व उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सेमिनार में फरहान अहमद पत्रकार हुए सम्मानित



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**चंदौली।** यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी, प्रयागराज व उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, लखनऊ के संयुक्त तत्वधान में पड़ाव, सेमरा स्थित ऑडिटोरियम अल-हनीफ एजूकेशनल सेन्टर में मिर्जा गालिब व अल्लामा इक्कबाल को समर्पित भारतीय एकता पर आधारित व उर्दू जबान की महत्ता पर जहां उर्दू विभाग युनिवर्सिटी लखनऊ के डाक्टर फाज़िल हाशमी ने, मिर्जा गालिब पर डॉ मोहम्मद अक ील फारसी विभाग बीएचयू के सद्र ने अल्लामा इकबाल पर मकाला निगारी से दोनों महान विद्वान शायरों पर तफसीली बयान पढ़कर सुनाया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आफाक ी अहमद विभागाध्यक्ष उर्दू विभाग बीएचयू की रहे इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर संस्था की ओर से अल- हनीफ एजूकेशनल सेन्टर के चेयरमैन हाजी वसीम अहमद ने फरहान अहमद पत्रकार को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कन्वीनर शफकत अब्बास पाशा और सह कन्वीनर रूबी रेहाना सहित बड़ी संख्या में दानिश्वर, विद्वानों व उर्दू जबान और शेयरों शायरी का शौक रखने वाले लोग उपस्थित रहे।

## चार स्टेट अवार्डी के मां का हुआ निधन

**वाराणसी।** कतुआपुरा विशेश्वरगंज के निवासी स्टेट अवार्डी ओम प्रकाश शर्मा की मां मन्नो देवी का निधन 14 नवम्बर 2025 को सेवेन मेड हॉस्पिटल सिगरा में उन्होंने अंतिम सांस ली जो की 75 वर्ष की थी स्टेट अवार्डी ओमप्रकाश शर्मा की कलाकृति कि पहचान विदेशों तक है उनकी बनाई गई रामदरबार इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको वीडोडो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेंट दी गई थी। मन्नो देवी के चार पुत्र को राज्य पुरस्कार मिल चुका है घनश्याम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गोविंद शर्मा, नंदलाल शर्मा।



## वीरांगना उदा देवी को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए गए



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान बड़ी संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर अपना दल एस के कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 16 नवंबर सन 1857 की क्रांति वीर सेनानी वीरांगना ऊदा देवी जी ने 36 अंग्रेज सैनिकों को मौत के घाट उतारा था। उसके बाद वह वीरगति को प्राप्त हुई ऐसी वीरांगना के शहीद होने पर दुश्मन अंग्रेज अधिकारियों ने भी उनको सलामी दी थी। ऐसी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजादी दिलवा कर भारत में लोकतंत्र की स्थापना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र चौधरी द्वारा की गई।इस दौरान वकील अहमद, हिमांशु राजपूत, यशपाल जिला महा सचिव, राजीव शर्मा, मोनू, अभिषेक, लाभ सिंह, सरताज सभासद, जुबैर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अल्लामा इकबाल और मिर्ज़ा गालिब की शायरी में उर्दू जबान को मिली अहमियत : डॉ फाज़िल हाशमी

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**चंदौली।** ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी व उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ऑडिटोरियम अल हनीफ एजूकेशनल सेन्टर सेमरा चंदौली में मिर्जा गालिब व अल्लामा इकबाल को समर्पित भारतीय एकता पर आधारित व उर्दू जबान की महत्ता पर जहां उर्दू विभाग युनिवर्सिटी लखनऊ के डॉ फाज़िल हाशमी ने मिर्जा गालिब पर डॉ मोहम्मद अक ील फारसी विभाग बीएचयू के सद्र ने अल्लामा इकबाल पर मकाला निगारी से दोनों महान विद्वान शायरों पर तफसीली बयान पढ़कर सुनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आफाक ी अहमद विभागाध्यक्ष उर्दू विभाग बीएचयू रहे, संचालन समर गाजीपुरी ने किया आयोजक व कन्वीनर शफकत अब्बास पाशा व



सह कन्वीनर रुबी रेहाना ने मुख्य अतिथियों का बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया शायर शमीम गाजीपुरी, ज़िया हसन आलिम बनारसी, अहमद बनारसी, डॉ रेशमा खातून, महमूद सेवैथी, अबू सैया, अबू रहमान नूरी व डॉ मुजाहिद ने शेयरों शायरी के माध्यम से दोनों विद्वान शायरों को शायराना अंदाज में याद किया।

मुख्य अतिथि डॉ फाज़िल हाशमी ने आधूनिक काल में मिर्जा गालिब की शायरी को सर्वश्रेष्ठ बताया तो वहीं डॉ मोहम्मद अक ील ने अल्लामा इकबाल की प्रसिद्ध कविताओं का ज़िक्र करते हुए याद किया अध्यक्षता कर रहे डॉ आफाक अहमद आफाक ी ने अल्लामा इकबाल के देशभक्ति पूर्ण तराना ए हिन्द का ज़िक्र करते हुए सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा पढ़ा वहीं अल हनीफ एजुकेशनल सेंटर के डायरेक्टर हाजी वसीम अहमद ने कहा कि उर्दू जगत की महान हस्ती मिर्जा गालिब और अल्लामा इकबाल के ऊपर यह सेमिनार नौजवानों के लिए प्रेरणादायक होगी।

## राजयोगिनी बीके विमला दीदी का स्मृति दिवस मनाया

रुड़की-प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रुड़की सेवा केंद्र पर राजयोगिनी बीके विमला दीदी का स्मृति दिवस मनाया गया।बीके विमला दीदी ने रुड़की में लंबे समय तक सेवा केंद्र प्रभारी के रूप में ईश्वरीय सेवा की और इसी केंद्र पर रहते हुए करीब 4 वर्ष पूर्व अपने शरीर को छोड़कर ईश्वरीय गोद ली थी।वर्तमान केंद्र प्रभारी बीके गीता दीदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डॉ प्रदीप रस्तोगी व डॉ सुधीर चौधरी ने विमला दीदी को याद करते हुए उनसे जुड़े संस्मरण सुनाए, वही रुड़की स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।बीके गीता दीदी, बीके पारुल, बीके सपना, बीके प्रियंका आदि ने बीके विमला दीदी द्वारा दी गई सीख को साझा किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े भाई बहन मौजूद रहे।

## 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने तहसील में दिया एक दिवसीय धरना



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर बुलंदशहर जनपद की शिकारपुर तहसील में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तहसील परिसर में लेखपाल संघ के बैनर तले आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों का धरना दिया गया। उसके बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। शिकारपुर तहसील के उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष हरीश कुमार ने बताया है कि लेखपालों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन देने वालों में लेखपाल हरीश कुमार हर्षित माथुर अनिल लोधी नीरज कुमार मुकेश शर्मा रोहित भटनागर आकाश कुमार ईश्वर चंद नरेंद्र कुमार नेहा जैन दयाशंकर वर्मा काजल राणा राहुल शर्मा गुरदयाल सिंह गुंजन खगेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## अवैध मिट्टी खनन पर चला प्रशासन का चाबुक, दो डंपर समेत एक जेसीबी जब्त

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद नगर में अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। रविवार को एक बार फिर अवैध मिट्टी खनन को प्रशासन के अधिकारियों ने पकड़ा है। अवैध मिट्टी खनन में लगे दो डंपर और एक जेसीबी मशीन को पकड़ा गया।

तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन जारी था। रविवार को खनन अधिकारी एवं पुलिस टीम ने अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई की। मौके से खनन में लगे दो डंपर समेत एक जेसीबी मशीन पकड़ा गया। खनन से जुड़े कागज न मिलने पर सभी वाहनों को थाना मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव चौकी पर खड़ा कर दिया गया। अधिकारियों की इस धर पकड़ से मिट्टी खनन माफियाओं में



हड़कंप मचा हुआ है।

थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि उक्त मामला साहनपुर स्थित चौकी क्षेत्र खालापार में मिट्टी खनन किया जा रहा था जिस पर कार्यवाही की गई है। बताते चलें कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि मिट्टी का अवैध कारोबार रात के अंधेरे का लाभ उठाकर लगातार मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है।

अवैध खनन करने वालों को प्रशासन का कोई डर नहीं और लगातार मिट्टी का अवैध कारोबार जोरों शोरों से चल रहा है।

# 25 साल में किसका हुआ विकास नेताओं और चहेते ठेकेदारों का

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर यहां एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें उत्तराखंड 25 वर्ष में क्या खोया-क्या पाया विषय पर चर्चा हुई। सम्मेलन में प्रदेश के प्रमुख जनआंदोलन नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं तथा स्थानीय संगठनों ने राज्य की वर्तमान स्थिति, नीतियों तथा भविष्य की दिशा पर गहन चर्चा की।

नरेंद्रा पैलेस सभागार में आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता चारु तिवारी ने राज्य की नीतियों को जनता से दूर तथा अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि पहाड़ की वास्तविकताओं को समझे बिना विकास के माडल लागू किए गए। पिछले 25 वर्षों में सत्ता ने ऊपर से योजनाएं थोपीं, जबकि पहाड़ को




जमीनी, समुदाय-आधारित विकास की जरूरत थी। पलायन आज सबसे बड़ा संकट है। यह नीति-स्तर की असफलता का परिणाम है। उन्होंने खनन, बांध परियोजनाओं तथा पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि इनका लाभ स्थानीय समुदायों तक नहीं पहुंच पाया। पीसी तिवारी ने जनता को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने की नई राजनीतिक अवधारणा की जरूरत बताई। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि उत्तराखंड अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। राज्य निर्माण का सपना था रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा गांवों का पुनर्जीवन।

परंतु 25 वर्ष बाद हम देखते हैं कि नौकरशाही का असर बढ़ा है, वक्ताओं ने कहा कि भृस्टाचार का बोलबाला बड़ रहा है, विकास केवल नेताओं का हो रहा है।गरीबी में जीवनयापन करने वाले नेता जनप्रतिनिधि बनते हीमहंगी गाड़ियों और अपने लोगों और परिवारजनों को शानोशौकत और राजसी ठाठबाठकराने में जुट जाते हैं। नेता बनते ही देहरादून, हल्द्वानी में महंगे पॉस इलाको में जमीन खरीदकर अपने बच्चों को के साथ शानो शौकत पूरी करते हैं।जिससे जनता हाशिए पर चली गई है। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए विशेष आर्थिक नीति की मांग उठाई। कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य का ढांचा कमजोर होने से ग्रामीण जीवन संकट में पड़ गया है। प्रभात ध्यानी ने कहा कि पहाड़ों का निरंतर खाली होना केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक त्रासदी भी है। जब गांव खाली हो रहे हों तथा खेती चौपट होती जा रही हो, तो यह सोचने की आवश्यकता है कि राज्य की नीतियों का लाभ आखिर किसे मिल रहा है।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशाल राष्ट्रीय एकता पदयात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**वेलकम इंडिया**

**डिबाई/बुलंदशहर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के शुभ अवसर पर रविवार को डिबाई शहर में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा अवंतीबाई लोधी भीमपुर दौराहे से शुभारंभ हुई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व एटा के भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू की गई।यह पदयात्रा भीमपुर दोराहे से चलकर शहर में भ्रमण करने के बाद कुबेर इंटर कॉलेज डिबाई में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिकारपुर पूर्व भाजपा विधायक मुंशीलाल ने कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की



एकता और अखंडता के वास्तुकार थे उन्होंने आजादी के बाद सैकड़ो रियासतों को भारत में विलय कराकर राष्ट्र को एक नई मजबूती दी थी देश के युवाओं को सरदार पटेल के जीवन के प्रेरणा लेकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता था। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन व प्रकाश डाला।

## काशी विश्वनाथ मण्डल और रामनगर मंडल द्वारा घर-घर स्वदेशी के निमित्त महिला सम्मेलन का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** नीची बाग कार्यालय काशी विश्वनाथ मण्डल आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत घर -घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी के निमित्त महिला सम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि महानगर उपाध्यक्ष साधना वेदांती, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुरेखा सिंह एवं महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा कुसुम सिंह पटेल, निर्मला पांडेय, कनकलता मिश्रा (पार्षद), मीरा गुप्ता, रासमनि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा ने किया कार्यक्रम का



संचालन मंडल महामंत्री तरुणा चतुर्वेदी कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन मंत्री नीतू कपूर ने किया तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी संगीता साहू, श्वेता पांडया, प्रीति चौरसिया, सीमा सिंह, सीमा सोनी, ज्योति सेठ, आंचल सेठ, छाया देवी की उपस्थिति रही।

रविवार को कैंट विधानसभा के रामनगर मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला पटेल ने उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा अर्चना सिंह ने की तथा कार्यक्रम में महानगर पदाधिकारी अंजली गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्रीति सिंह, कंचन निषाद, विमला सहित इत्यादि महिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहीं।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री चंद शर्मा एमएलसी शिक्षक सीट मेरठ सहारनपुर मंडल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। जिसमें विधालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, प्रबंधक त्रिवेणी दत्त शर्मा, सह प्रबंधक आनंदी प्रसाद बाबू ने सहयोग किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। सांस्कृतिक प्रोग्राम में श्री हस इंटर कॉलेज, माता राजेश्वरी पब्लिक स्कूल, हंस प्राथमिक पाठशाला के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम से शमा बांधा। मुख्य



अतिथि श्री श्री चंद शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। तथा अपने संबोधन में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के अनुशासन, एनसीसी, स्काउट, स्काउट बैंड व कलर पार्टी की भूरि भूरि प्रशंसा की। व कहा कि आपका सौभाग्य है कि आप एक संत द्वारा स्थापित संस्था में पढ़ रहे हैं। आप इस संस्था से अच्छी शिक्षा, संस्कार ग्रहण कर देश के प्रत्येक कोने में इनका प्रचार प्रसार करें। तथा एक अच्छे पद पर आसीन होकर राष्ट्र की सेवा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करें। तत्पश्चात कॉलेज की प्रबंध समिति ने तीनों विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक त्रिवेणी दत्त शर्मा, सह प्रबंधक आनंदी प्रसाद बाबूजी, कोषाध्यक्ष सुनील पोद्दार, अध्यक्ष अशोक कुमार टीटोरिया, महात्मा ज्ञानशब्दानंद, महात्मा सत्यबोधानंद महात्मा अक्षरानंद, मंजूषा सोहर, रावत, रामनाथ व विद्यालय के समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# बंदर पकड़ने को लेकर नगर के नागरिकों ने ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बंदर पकड़ने को लेकर समाधान दिवस पर नगर के नागरिकों ने एक ज्ञापन सोंपा। राज वर्मा द्वारा उन पीड़ितों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिन्हें नरभक्षी बंदरों द्वारा घायल किया गया था।तहसील में नरभक्षी बंदर के प्रकरण को लेकर ग्रामवासी व कॉलोनी वासियों ने आदमखोर बंदरों के काटे जाने को लेकर जिला अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखकर यह मांग की कि बंदरों का आतंक चरम पर पहुंच गया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है लोग अपने घरों से निकलने में डर रहे हैं। मजदूर लोग अपने काम पर जाने से डर रहे हैं। स्कूल के बच्चों में भी भय व्याप्त है कि कहां से बंदर आकर उन्हें अपना शिकार ना बना ले, जब बंदर किसी को घायल करता है



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से गुहार लगाई तत्काल प्रभाव से वन विभाग की टीम को बुलाकर इस पर कार्रवाई की जाए। शूटर गनर की व्यवस्था कराकर आदमखोर बंदरों को बेहोश कर पकड़ने का काम किया जाए। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त ना हो पाए। जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि तुरंत एक चिट्ठी वन विभाग को लेकर बनाई जाए और तुरंत बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए टीम का गठन किया जाए। जिसमें मुख्य रूप से राज वर्मा, अमित गुर्जर, निर्दोष खटाना, नितिन गुर्जर, संदीप, सनी चंदेला, और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टीवी चैनल की डिबेट में आईफा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लगभग 50 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने न्यूज चैनल इंडिया टीवी की डिबेट में भाग दिया बिहार की विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत से विपक्ष में सन्नाटा छाया है बिहार की इस विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का मुख्य मुद्दा विकास रहा इस डिबेट में प्रदीप भंडारी प्रवक्ता भाजपा, धर्मेंद्र यादव (प्रवक्ता समाजवादी पार्टी), सत्य प्रकाश प्रवक्ता जेडीयू एवं शोएब जमाई प्रवक्ता एआईएआईएम ने भाग लिया। आइफा के छात्र-छात्राओं देश के विभिन्न राजनीतिक मुद्दों एवं ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से सवाल जवाब किए।

# मोदी ग्लोबल स्कूल वार्षिक समारोह जिन्दगी डॉट कॉम 2025 बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल के' जागृति मैदान' में वार्षिक समारोह ' जिन्दगी डॉट कॉम '2025 बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने पूरे माहौल को उल्लास मय बना दिया। शाम को सफल बनाने के लिए मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डी.के .मोदी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका डॉ के. एन .मोदी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर पी एन ऋषिकेशा ने निभाई। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार के द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। जिसने पूरे वातावरण को पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। तत्पश्चात समान्नीय अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियो और विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला।





उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विश्व में शिक्षा का परचम लहराने के साथ-साथ उन्हें तकनीकी शिक्षा देना भी है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के विकास पर भी बल दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. पी एन ऋषिकेशा ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को मेहनत अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ-साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन समिति को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मोदी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कैप्टन राजीव सक्सेना, मेघराज शर्मा जी, दीपांकर शर्मा, यू.एन. मिश्रा, डायरेक्टर्स एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रधानाचार्य और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें 'शुभ दिन आयो ' के उल्लास पूर्ण नृत्य के माध्यम से बच्चों ने अपनी खुशी को व्यक्त किया। इसी श्रृंखला में 'मस्ती की पाठशाला' में विद्यार्थियों ने स्कूली जीवन की चंचलता और मित्रता के जोश को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत 'देश रंगीला' ने दर्शकों को गर्व और एकता का संदेश दिया। जबकि 'भांगड़ा' की ऊजार्वान धुनों पर विद्यार्थियों ने पूरे मैदान में जोश भर दिया। क्लासिकल डांस की सधी हुई मुद्राओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की झलक प्रस्तुत की। वही 'कमांडो' ड्रिल ' ने अनुशासन तालमेल और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिसने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रशांत कुमार शुक्ला विद्यालय समन्वयक ने भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। समस्त कार्यक्रम आशिमा त्यागी, चंचल मित्तल, ज्योति कौर, भारती दारूका, विकास बाबा और सुभाष तेवतिया की देखरेख में संपन्न हुआ। मंच का संचालन अद्विका, संयम विद्यार्थी, नेत्रा ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की समर्पित भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## एटा के पूर्व सांसद राजू भैया के सुरक्षा गार्ड को बीच पदयात्रा के दौरान आया हार्ट अटैक अस्पताल में कराया भर्ती

**बुलंदशहर :** डिबाई विधानसभा में 16 नवंबर को राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया थे, राजू भैया जैसे ही वहां पहुंचे समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया और ढोल नगाड़ों के साथ राजू भैया ने राष्ट्रीय एकता पदयात्रा को विधायक सीपी सिंह के साथ और जिला अध्यक्ष भाजपा विकास चौहान के साथ एकता पद यात्रा को हरी झंडी दिखाई, साथ में सांसद डॉ भोला सिंह भी एकता पद यात्रा में शामिल हुए लेकिन एकता पदयात्रा में शामिल होने आए मुख्य अतिथि राजू भैया के साथ में मौजूद सुरक्षाकर्मी अनिल राजपूत को हार्ट अटैक आ गया जहां थोड़ी देर के लिए माहौल अफरा तफरी वाला बन गया जैसे ही राजू भैया को इस बात का पता चला तो उन्होंने अपने सुरक्षा कर्मी की सुध ली और प्राथमिक उपचार के लिए भेजा और प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षाकर्मी को अलीगढ़ रेफर कर दिया गया, जिसके बाद कुछ दूरी पैदल चलकर राजू भैया सीधे अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए और अलीगढ़ के वरुण हॉस्पिटल पहुंचे, और वरुण हॉस्पिटल के संचालक के साथ सुरक्षा कर्मी अनिल का हाल चाल जाना जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो गई तब तक वह वरुण हॉस्पिटल में डटे रहे, ताजा मिली जानकारी के अनुसार अब अनिल राजपूत खतरे से बाहर हैं और उनका हृदय संबंधी इलाज वरुण हॉस्पिटल में चल रहा है, राजू भैया ने डॉक्टर्स से बातचीत कर उचित इलाज करने की बात कही हैं।

# कहीं गुम न हो जाए सीजन 8, उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य समापन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**/रविवार को कहीं गुम न हो जाए सीजन 8 की उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल एवं रंगारंग समापन 16 नवम्बर 2025 को निकुंज हॉल, बुलंदशहर में किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य विजेता घोषित किया गया।जबकि प्रथम एवं द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय पाक कला प्रतियोगिता लेट्स गिव बैक नामक पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था द्वारा आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य भारत के पारम्परिक व्यंजनों को पुनर्जीवित करना और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाना है। इस पहल की शुरूआत वर्ष 2016 में स्वर्गीय सुश्री बाबेट्टा सक्सेना द्वारा की गई थी। उनके 16 मई 2021 को निधन के पश्चात यह मिशन उनके पति एवं सह-संस्थापक सेवानिवृत्त कर्नल अतुल सक्सेना द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम मेरा राज्य, मेरी थाली भारत की क्षेत्रीय पाक परंपराओं और व्यंजनों को संरक्षित करने के महत्व को रेखांकित करती है। हमें गर्व है कि इस पहल को पद्मश्री से सम्मानित सेलेब्रिटी शेफ संजीव कपूर, शेफ रणवीर बरार तथा सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री सुश्री सुचित्रा पिल्लई का सहयोग प्राप्त है। यह प्रतियोगिता भारत के 16 राज्यों–दिल्ली/एन सी आर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु सहित–में आयोजित की जा रही है। प्रत्येक राज्य से चयनित शीर्ष तीन प्रतिभागी जनवरी 2026 में एनसीआर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहाँ शीर्ष तीन राष्ट्रीय विजेताओं को कुल ?1,50,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में खाद्य एवं आतिथ्य जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों और शेफों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

हम अपने वेन्यू पार्टनर निकुंज हॉल तथा अखिल भारतीय वैश्य महिला संगठन, बुलंदशहर का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। सांसद भोला सिंह का मुख्य अतिथि के रूप में एवं सुश्री श्रुति शर्मा का विशिष्ट अतिथि के रूप में आगमन हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय रहा। इनके स्नेहिल सहयोग ने प्रतियोगिता को एक नई ऊँचाई प्रदान की। हम सुश्री ममता गुप्ता का भी विशेष धन्यवाद करते हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी किसानों से की गयी अपील

बुलंदशहर फसल कटाई का समय चल रहा है और इसी दौरान खेतों में पराली जलाने की घटनाएँ बढ़ जाती हैं, जो पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि आसपास के गाँवों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। साथ ही यह कानूनन दण्डनीय अपराध है।

इन्हीं सब परिस्थितियों को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जनपद के समस्त किसानों एवं नागरिकों से विनम्र अपील की है कि– *पराली न जलाएँ – पर्यावरण बचाएँ, स्वास्थ्य बचाएँ*

# उत्थान फाउंडेशन द्वारा वोकल ट्रांसलेशन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा पर पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से उत्थान फाउंडेशन द्वारा बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत रविवार को वोकल ट्रांसलेशन प्रतियोगिता का आयोजन श्री अंबेडकर लाइब्रेरी, मोदीनगर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता ने बच्चों में भाषा के प्रति उत्सुकता, सीखने की ललक और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी बोलने और समझने की क्षमता विकसित करना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 50



वाक्यों को अंग्रेजी में अनुवाद करने का अवसर दिया गया, जिससे उनकी शब्दावली, उच्चारण और वाक्य विन्यास को समझने में सहायता मिली। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि ग्रामीण व शहरी दोनों पृष्ठभूमि के कई बच्चे अंग्रेजी बोलने में संकोच महसूस करते हैं। इस स्थिति को दूर करने और बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक बनने के लिए फाउंडेशन लगातार कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में कई विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके प्रदर्शन के आधार पर चार विद्यार्थियों अवनी, आयुष, परी और आव्या को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों में उत्साह और अधिक बढ़ा और अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली। बढ़ते कदम योजना के इस केंद्र में बच्चों को अंग्रेजी व संवाद कौशल का प्रशिक्षण कविता गुप्ता द्वारा प्रदान किया जाता है। वह लंबे समय से बच्चों के भाषा विकास में योगदान दे रही हैं। आज के कार्यक्रम में वह प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में ज्योति रानी भी मौजूद रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। दोनों शिक्षकों ने बच्चों की सीखने की क्षमता और मेहनत की सराहना की। उत्थान फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचारपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अंग्रेजी संवाद, करियर मार्गदर्शन, हेल्थ अवेयरनेस और महिला सशक्तिकरण से संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विकास के अवसर उपलब्ध कराना है।

# पीवीवीएनएल एमडी ने गाजियाबाद पहुंचकर वर्टिकल व्यवस्था का लिया जायजा

## वर्टिकल सिस्टम के तहत ट्रिपिंग फ्री विद्युत का हो लक्ष्य : एमडी रविश गुप्ता

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** विद्युत उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने तथा अर्बन रिस्ट्रक्चर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आई०ए०एस०), ने दिनांक 15.11.2025 को गाजियाबाद नगर में प्रारंभ हुई नई वर्टिकल व्यवस्था का स्वयं जायजा लिया और अर्बन रिस्ट्रक्चर प्लान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की तथा वसुंधरा, इंदिरापुरम, राजनगर आदि कार्यालयों हेल्पडेस्क, उपकेन्द्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि अर्बन रिस्ट्रक्चर प्लान के तहत उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग फ्री गुणवत्तापरख निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक द्वारा वसुंधरा गाजियाबाद एवं इंदिरापुरम गाजियाबाद में स्थापित उपभोक्ता सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क) के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को तत्काल गुणवत्तापरख समाधान सुनिश्चित किया जाए। वसुंधरा, इंदिरापुरम, राजनगर आदि कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सेवा प्रणाली उत्कृष्ट, उत्तरदायी एवं पारदर्शी होनी चाहिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं को समय पर गुणवत्तपूर्ण सेवा मिले। गाजियाबाद नगर में 4 हेल्पडेस्क संचालित किये जायेंगे जिन पर सम्बन्धित नोडल अधिकारी और निर्धारित मोबाईल सर्पक नम्बर पर उपलब्ध रहेंगे।

यह हेल्प डेस्क फील्ड टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करायेंगे। प्रबन्ध निदेशक ने अर्बन रिस्ट्रक्चर व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित समीक्षा और फीडबैक प्रणाली लागू करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता श्री पवन अग्रवाल गाजियाबाद क्षेत्र-1, 3, श्री सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर तथा गाजियाबाद क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता आदि उपस्थित रहे।



# उप महापौर बनने पर प्रवीण चौधरी का किया भव्य अभिनंदन





वेलकम इंडिया

गाजियाबाद कवि नगर अग्रसेन वाटिका स्थित उपमहापौर प्रवीण चौधरी का भव्य अभिनंदन किया गया जिसमें शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया इस अवसर पर वी के अग्रवाल ने बताया कि यह हमारे गाजियाबाद का सौभाग्य है कि ऐसे कर्म सील व्यक्तित्व जो जनता की सेवा में अपने कार्य से पहचाने जाने वाले प्रवीण चौधरी नगर निगम के उपाध्यक्ष पद पर चुने गए यह शहर वासियों का सौभाग्य है इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि प्रवीण चौधरी पहले से ही एक जमीनी नेता है जो सभी के दुख सुख में काम आने वाले हैं उसी का फल मिला है कि आज महानगर नगर निगम में उनका उप महापौर के पद पर नियुक्त किया गया है मैं समस्त महानगर टीम को साधुवाद देता हूं वरिष्ठ समाज सेवायों ने बिहार में प्रचंड भाजपा की जीत की खुशी में लड्डू भी बांटे, इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल के प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र हितकारी, पप्पू नगर पार्षद, महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संदीप सिंघल, प्रदीप सिंघल, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सारस्वत, शिवकुमार शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, हरीश शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, युवा व्यापार मंडल के महामंत्री, विपुल शर्मा, गौरवत्यागी, शिवम शर्मा पार्षद, संजय अग्रवाल, लोकेश सिंघल, ओम प्रकाश गुप्ता, गौरवअग्रवाल, डी डी गर्ग, लवकेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, अरविंदगुप्ता, हेमंत कंसल, जितेंद्र भटनागर आदि मौजूद थे

# जाम मुक्त शहर की तैयारी तेज

वेलकम इंडिया



बैठक में उपस्थित जोनल प्रभारी और निर्माण विभाग की टीम को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं

**गाजियाबाद।** शहर की बढ़ती जाम समस्या को स्थायी समाधान देने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तेजी से कार्य कर रहे हैं। शहर में जहां विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए निगम स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है।इसी उद्देश्य से नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले जाम की गहन समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में शहर के चार प्रमुख जाम हॉटस्पॉट आरडीसी राजनगर, राजनगर एक्सटेंशन रेड लाइट, शेषनाग द्वारा तथा काला पत्थर रोड की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए विस्तृत प्लान तैयार किया जाएगा।नगर निगम की विशेष टीम, यातायात पुलिस और जीडीए संयुक्त रूप से इन क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्यवाही करेंगे। एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप की टीम को भी इस दिशा में तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम उन स्थानों का चयन कर रहा है जहाँ प्रतिदिन जाम की गंभीर समस्या बनी रहती है।इन हॉटस्पॉट्स पर पार्किंग व्यवस्था में परिवर्तन कर वाहन प्रवाह को सुगम बनाया जाएगा, वहीं अवैध अतिक्रमण को हटाकर रोड की चौड़ाई और उपयोगिता सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार नए यू-टर्न बनाए जाएंगे ताकि वाहनों का दवाब कम हो और ट्रैफिक का बहाव बेहतर हो सके।

# दो साल से न्याय की दौड़ में किसान

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील दफ्तर के चक्कर काटते-काटते थक चुके किसान इकरामुद्दीन अब हताश और क्षुब्ध हैं। जमीनी दस्तावेजों में अपना नाम सही कराने के लिए वे पिछले दो वर्षों से लगातार तहसील प्रशासन के पास गुहार लगा रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अधिकारियों के टालमटोल रवैये से परेशान पीड़ित किसान ने अब तहसील परिसर में ही आत्मदाह करने की चेतावनी देकर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। गांव कुन्हैड़ा निवासी इकरामुद्दीन पेशे से किसान हैं। गांव की कृषि भूमि में उनका हिस्सा है।

# इंदिरापुरम में खुले नाले बने दुर्घटनाओं की राह

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में खुले नालों की समस्या दिनों-दिन गंभीर रूप लेती जा रही है। बरसात से पहले नगर निगम द्वारा किए गए दावे और घोषणाएँ अब खोखली साबित हो रही हैं। जमीनी हकीकत यह है कि क्षेत्र के अधिकांश नालों पर न तो कवर लगाया गया है और न ही मरम्मत के कार्य पूरे हुए हैं। परिणामस्वरूप छोटे-बड़े नालों के खुले रहने से हादसों का खतरा बढ़ गया है, जबकि गलियों में चोक नालियों के कारण गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। इंदिरापुरम में तकरीबन 12 मुख्य नाले हैं, जिनमें से अधिकांश खुले पड़े हैं। इन नालों की गहराई और तेज बहाव कई बार दुर्घटनाओं को निमंत्रण देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नालों को पूरी तरह स्लैब से ढकना संभव नहीं है तो कम से कम किनारों पर लोहे की ग्रिल, जाली या मजबूत दीवार बनाकर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन नगर निगम की उदासीनता के चलते अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी आज मथुरा में निर्विरोध पूर्ण प्रतिक्रिया के साथ अगले 3 साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी आज मथुरा में निर्विरोध पूर्ण प्रतिक्रिया के साथ अगले 3 साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए मंच का संचालन राष्ट्रीय महासचिव संगठन श्री त्रिलोक त्यागी जी ने किया। उत्तर प्रदेश के महामंत्री रविंद्र चौहान महानगर अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौधरी संजीव अरोड़ा दिनेश शर्मा व गाजियाबाद के अन्य काफी नेता उपस्थित भी इस कार्यक्रम का साक्षी रहे।

# युवती को दोस्ती न करने पर हत्या की धमकी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की एक कॉलोनी में एक युवक ने दोस्ती न करने पर युवती को हत्या की धमकी दे दी। आरोप है कि आरोपी ने घर के बाहर आकर युवती के परिवार के सदस्यों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की।पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि आरोपी कई दिनों से उन्हें परेशान कर रहा है। आए दिन उनका पीछा करता है और रास्ते में अश्लील टिप्पणियाँ करता है। युवक उनपर दोस्ती का दबाव बना रहा था।हाल ही में आरोपी उनके घर के बाहर पहुंचा और परिवार के सामने गाली-गलौज करते हुए दोस्ती न करने पर हत्या की धमकी दी। इस घटना के बाद युवती और उनके परिवार में दहशत का माहौल बन गया है।युवती ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए सुरक्षा की मांग की।

# रेलवे स्टेशन पर सर्दियों में सुरक्षा सुदृढ़




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सर्दियों में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है।इसके तहत स्टेशन के दोनों मुख्य प्रवेश द्वार सिटी साइड और विजयनगर साइड पर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान तैनात किए जाएंगे।विशेष रूप से शाम के समय, अंधेरा होने के बाद कड़ाई से चेकिंग और निगरानी की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर रोकथाम की जा सके। रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री सुबह से ट्रेन पकडे के लिए आते हैं।इनमें कई ऐसे यात्री हैं जो बिहार, बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश जैसे दूरदराज राज्यों की यात्राओं पर निकलते हैं। इसके अलावा दिल्ली, अलीगढ़, मेरठ और बुलंदशहर जैसे पड़ोसी शहरों के रोजमर्रा के यात्री भी स्टेशन का उपयोग करते हैं। ऐसे में सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी संवेदनशील हो जाती है। आरपीएफ के इंस्पेक्टर चेतन प्रकाश ने बताया कि सर्दियों में अंधेरा जल्दी होने के कारण स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर सुरक्षा व्यवस्था की अहमियत बढ़ जाती है।

मोदीनगर की संस्थापिका
UMESH MODI GROUP MODINAGAR
स्व.श्रीमती दयावती मोदी जी
के 110वें जन्मदिवस 17 नवम्बर, 2025 पर
हम सब उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

स्व.श्रीमती दयावती मोदी
1915 – 1994
समस्त प्रबंधक एवं कर्मचारीगण
उमेश मोदी ग्रुप
मोदीनगर